रविवार, 10 मई 2026

मौसम

तापमान 24 – 32
आर्द्रता 78%
सूर्योदय: 04:59 सूर्यास्त: 18:06

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार,पांच और छः पर

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : खुद को अधिक बुद्धिमान समझना ही दुःख का कारण बनता है।



कविगुरू रविंद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि देते सीएम शुभेंदु अधिकारी, विधायक विजय ओझा व अन्य

# अब शुभेंदु संभालेंगे बंगाल की कमान

## शुभेंदु ने मुख्यमंत्री एवं पांच अन्य विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ



शपथ ग्रहण के बाद नए मुख्यमंत्री और पांचों मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में राज्यपाल भी।





शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में पहुंचने पर हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में शुभेंदु अधिकारी एवं शमीक भट्टाचार्य

### पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह समेत भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री समारोह में शामिल हुए

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शनिवार को शपथ ली। इसके साथ ही राज्य के राजनीतिक इतिहास में भगवा राजनीति का एक बड़ा मोड़ आया और ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड सत्ता परिवर्तन के इस अहम क्षण का गवाह बना।

राज्यपाल आर. एन. रवि ने 'जय श्रीराम' के नारों, ढोल की थाप और लहराते भगवा झंडों के बीच शुभेंदु अधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्री इस भव्य समारोह में शामिल हुए। शुभेंदु अधिकारी ने सबसे पहले शपथ ली। उनके बाद, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने मंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद, भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदिराम टुडू और निशीथ प्रामाणिक को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। मंत्रियों के विभागों की घोषणा अभी नहीं की गई है। मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले अन्य विधायकों के नामों की घोषणा बाद में की जाएगी।

## शुभेंदु ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद कानून-व्यवस्था की समीक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद शनिवार को शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला, पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद भी उप-स्थित थे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के संचालन के बारे में भी जानकारी ली और मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि योजनाएं बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से जारी रहें। शुभेंदु ने 'राइटर्स बिल्डिंग' के जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।

**मुख्यमंत्री शुभेंदु 11 मई को अपनी पहली प्रशासनिक बैठक करेंगे**

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी 11 मई को अपनी सरकार की पहली प्रशासनिक बैठक करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य की पहली भाजपा सरकार की इस बैठक में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे, जिसमें कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

**बुधवार और गुरुवार को होगा नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह**

अधिकारियों ने बताया कि सरकार की पहली कैबिनेट बैठक भी अगले सप्ताह के उत्तरार्ध में होने की संभावना है। राज्य प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी कार्यालय में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार और गुरुवार को आयोजित किया जाएगा।

## शपथग्रहण समारोह में मोदी ने 98 वर्षीय माखनलाल सरकार के छुए पैर



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राज्य में भाजपा की पहली सरकार के शपथग्रहण समारोह में पार्टी के 98 वर्षीय वरिष्ठ नेता माखनलाल सरकार के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। भाजपा ने कहा कि सरकार को 1952 में कश्मीर में उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह वहां भारतीय तिरंगा फहराने के आंदोलन के दौरान जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ थे। पार्टी ने एक बयान में कहा कि सरकार, स्वतंत्रता के बाद भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े शुरुआती जमीनी कार्यकर्ताओं में से एक हैं। यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शुभेंदु अधिकारी की सरकार के शपथग्रहण समारोह से पहले प्रधानमंत्री ने माखनलाल सरकार को मंच पर सम्मानित करते हुए उनका आशीर्वाद लेने के लिए उनके पैर छुए और वरिष्ठ नेता से गले मिलने के बाद उनका कुशलक्षेम पूछा।

## 'अब बंगाल का होगा पुनर्निर्माण', सीएम पद की शपथ लेते ही शुभेंदु अधिकारी का ऐलान

### मुख्यमंत्री ने कार्यभार संभालने से पहले टैंगोर के पैतृक घर का किया दौरा

राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि वह अपने सरकारी कामकाज की शुरुआत जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में श्रद्धांजलि और प्रार्थना करने के बाद करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ बंगाल ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह रवींद्र जयंती के दिन आयोजित किया गया। उन्होंने इसे बंगाल की सांस्कृतिक विरासत और महान साहित्यकार रवींद्रनाथ ठाकुर को सम्मान देने वाला फैसला बताया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता बंगाल का पुनर्निर्माण होगी। उनके मुताबिक राज्य की शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान को पिछले कुछ वर्षों में काफी नुकसान पहुंचा है, जिसे अब सुधारने की जरूरत है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद अब वह किसी एक दल के नेता नहीं बल्कि पूरे राज्य के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हर नागरिक के लिए बिना किसी भेदभाव के काम करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल को विकास, बेहतर प्रशासन और नई दिशा देने के लिए उनकी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेगी। भाजपा सरकार राज्य में नई ऊर्जा और नए विजन के साथ काम करेगी। दूसरी तरफ, नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शपथग्रहण समारोह के तुरंत बाद नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी पहुंचे और उन्होंने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभालने से पहले महान कवि को पुष्पांजलि अर्पित की।

## 'शुभेंदु लोगों से गहराई से जुड़े हैं', पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शनिवार को शपथ लेने पर शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि वह (शुभेंदु) लोगों से गहराई से जुड़े रहे हैं तथा उनकी आकांक्षाओं को समझते हैं। मोदी ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शुभेंदु अधिकारी को बधाई। उन्होंने ऐसे नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जो लोगों से गहराई से जुड़े रहे हैं और उनकी आकांक्षाओं को करीब से समझते हैं। उन्होंने कहा कि उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।

## संभावित आतंकी हमले के खतरे के मद्देनजर दिल्ली 'हाई अलर्ट' पर

### प्रमुख स्थानों की सुरक्षा बढ़ाई गई

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में संभावित आतंकवादी हमले को लेकर प्राप्त हुई खुफिया जानकारी के आधार पर 'हाई अलर्ट' जारी किया गया है और दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक सूत्र ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय और आसपास के सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, साथ ही सशस्त्र कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है, अवरोधक लगाए गए हैं और वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को मध्य दिल्ली में आत्मघाती हमलों, वाहन आधारित संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से धमाका करने, गोलीबारी और समन्वित हमलों के जरिए प्रमुख कार्यालयों और भीड़भाड़ वाले इलाकों को निशाना बनाने की संभावित कोशिशों के संबंध में चेतावनी मिली हैं। उन्होंने बताया कि शहर में महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, राजनीतिक दलों के कार्यालयों, बाजारों, परिवहन केंद्रों और अन्य भीड़भाड़ वाली जगहों पर विध्वंस रोधी जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते और दिल्ली अग्निशमन सेवा सहित त्वरित प्रतिक्रिया टीम को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

## भारत ने 'अग्नि' मिसाइल के उन्नत संस्करण का परीक्षण किया



**नयी दिल्ली :** भारत ने एक उन्नत अग्नि मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है जो कई पेलोड से अलग-अलग लक्ष्यों पर एकसाथ हमला करने में सक्षम है। इससे भारत उन चुनिंदा शक्तिशाली देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जिनके पास ऐसी उन्नत रणनीतिक मिसाइल तकनीक मौजूद है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) सिस्टम से लैस मिसाइल का परीक्षण शुक्रवार को ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। एमआईआरवी सुविधा से एक ही मिसाइल कई अस्त्रों से अलग-अलग लक्ष्यों पर एकसाथ हमला करने में सक्षम होती है। हालांकि मंत्रालय ने कहा कि एमआईआरवी तकनीक से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल का उड़ान परीक्षण किया गया, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह अग्नि-5 मिसाइल थी और यह परीक्षण 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत एमआईआरवी तकनीक की जांच के लिए किया गया था। अग्नि-5 मिसाइल का एमआईआरवी प्रणाली के साथ पहला परीक्षण पिछले साल मार्च में किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने कहा, भारत ने आठ मई को ओडिशा स्थित एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से एमआईआरवी प्रणाली से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल का कई 'पेलोड' के साथ परीक्षण किया गया, जिसमें हिंद महासागर के एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र में फैले विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय सेना और संबंधित उद्योग भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इससे बढ़ते खतरे के मद्देनजर देश की रक्षा तैयारियों को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी।

## लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि होंगे अगले सीडीएस



**नयी दिल्ली :** लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को देश का नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) नियुक्त किया गया है और उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती उस महत्वाकांक्षी ''थिएटराइजेशन'' योजना को लागू करने की होगी, जिसका मकसद तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। सुब्रमणि, जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। फिलहाल राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि को पाकिस्तान और चीन मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है। वह पिछले साल 31 जुलाई को थलसेना उपप्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना की प्रमुख स्ट्राइक कोर सहित दो कोर की कमान संभालने का गौरव भी प्राप्त है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो सैन्य मामलों के विभाग के सचिव की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। सीडीएस के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि का प्राथमिक दायित्व एकीकृत सैन्य कमान स्थापित कर 'थिएटराइजेशन मॉडल' को लागू करना होगा, ताकि तीनों सेनाओं के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। सेना की पूर्वी कमान के पूर्व कमांडर जनरल चौहान ने सितंबर 2022 में देश के वरिष्ठतम सैन्य कमांडर के रूप में कार्यभार संभाला था। पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत की तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु के नौ महीने बाद उन्होंने यह पद संभाला था। सुब्रमणि ने 40 से अधिक वर्षों के अपने शानदार सैन्य करियर में विभिन्न भौगोलिक और अभियानगत परिस्थितियों में कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़े तमाम दायित्व निभाए हैं। इससे पहले वह एक जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2025 तक थलसेना के उप प्रमुख रहे और मार्च 2023 से जून 2024 तक मध्य कमान के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' की जिम्मेदारी निभाई। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक हैं। वह 14 दिसंबर 1985 को 'गढ़वाल राइफल्स' की आठवीं बटालियन में शामिल हुए थे।

## होर्मुज जलडमरूमध्य के पास नौका में आग लगने से एक भारतीय नाविक की मौत

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक लकड़ी की नाव में आग लगने से भारतीय नाविक की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को हुई इस घटना के बाद भारतीय चालक दल के अन्य 17 सदस्यों को बचा लिया गया। आग लगने के सही कारण का अभी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चालक दल के सदस्यों को उस क्षेत्र से गुजर रहे एक जहाज ने बचाया। यह घटना ऐसे समय हुई है जब होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ रहा है। यह जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया की तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, ''सामान लेकर जा रही नौका आग लगने के बाद कल होर्मुज जलडमरूमध्य के पास पलट गई। इस पर भारतीय चालक दल के 18 सदस्य सवार थे। सूत्र ने कहा, ''इस घटना में नौका पर सवार एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि चार लोग झुलस गए। घायलों का दुबई में उपचार किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर है।'' वहीं, एक अन्य सूत्र ने बताया कि भारतीय महावाणिज्यदूतावास के अधिकारियों ने शुक्रवार रात बचाए गए भारतीय नागरिकों से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय वाणिज्य दूतावास नौका के मालिक के संपर्क में है और हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। इस घटना से पहले, पश्चिम एशिया संघर्ष में आठ भारतीय नागरिक मारे जा चुके हैं, जबकि पूरे क्षेत्र में दर्जनों अन्य घायल हुए हैं।



## आज का पंचांग

**कोलकाता** : 10 मई, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष अष्टमी, 15:01 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 24:38 तक, योग : ब्रह्मा, 25:58 तक, सूर्योदय: 04:59, सूर्यास्त: 18:06, चन्द्रोदय : 00:57, चन्द्रास्त: 12:25, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 17:02 से 18:40

## साप्ताहिक : राशिफल 10-05-26 से 16-05-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** नया सप्ताह मेष राशि के जातकों के लिए अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर बात करें तो आपकी सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन लापरवाही ना बरतें। इस हफ्ते आपके खर्चे बढ़ सकते हैं, जिसके चलते आपको परेशानी हो सकती है। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। बिजनेस को बढ़ाने के लिए किसी सरकारी योजना का लाभ उठा सकते हैं। नौकरी वाले जातकों को तनाव से बचना होगा। प्रेम संबंधों के लिए नया सप्ताह अच्छा है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य रहेगा। आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन हल्का-फुल्का व्यायाम अवश्य करें। नए सप्ताह अपनी आमदनी का सही इस्तेमाल करेंगे। धन की प्राप्ति में परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा। अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नई योजनाएं बनाएंगे। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। आपका मनचाहे स्थान पर ट्रांसफर हो सकता है। प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। परिवार के सदस्यों को अपने रिश्ते के बारे में बता सकते हैं।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा सावधानी से रहने वाला रहेगा। अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना होगा। किसी प्रकार की लापरवाही भारी पड़ सकती है। आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए आप जो भी प्रयास करेंगे वह सफल रहेंगे। वैसे आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। बिजनेस के लिए जो भी प्रयास करेंगे वह सफल होंगे। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। अधिकारी आपके पर नजर बनाए रखेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ा तनाव का सामना करना पड़ सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सही रहेगा। अपनी सेहत को लेकर आप निश्चित रहें, लेकिन सप्ताह के अंत में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। परिवार पर दिल खोलकर धन खर्च करेंगे। करियर और व्यवसाय में थोड़ी सावधानी बरतें। नौकरी पेशे वाले जातकों को नई नौकरी का मौका मिल सकता है। प्रेम संबंधों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। आपकी पुरानी सभी समस्याएं दूर हो सकती हैं। आपका प्रिय पात्र आपके साथ खड़ा रहेगा।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। इस सप्ताह स्वास्थ्य वैसे ठीक रहेगा, लेकिन ला-परवाही के चलते समस्या आ सकती है। आर्थिक स्थिति की बात करें तो आपको परेशान होना पड़ सकता है। ना चाहते हुए भी धन खर्च करना पड़ सकता है। अपने व्यवसाय को लेकर सतर्क रहेंगे। बिजनेस को कैसे बढ़ाया जाए इस बारे में नई योजना बना सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय बढ़िया है। आप अपने रिश्ते के बारे में अपने परिवार के सदस्यों को बता सकते हैं।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सावधानी से रहने वाला है। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। सप्ताह के अंत में समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति को लेकर भी आप तनाव में रहेंगे। आपको खर्चे बढ़े रहेंगे। इस सप्ताह व्यवसाय को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। दैवीय कृपा आप पर बनी रहेगी। आपका बिजनेस अच्छा चलेगा। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय बढ़िया रहेगा। आपका अच्छी जगह ट्रांसफर हो सकता है। प्रेम संबंधों में परेशानी हो सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** आने वाला नया सप्ताह इस राशि के जातकों के लिए अच्छा रहेगा। अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। आर्थिक स्थिति के लिए समय बढ़िया रहेगा। गवर्नमेंट सेक्टर से व्यापार के लिए अच्छा ऑफर मिल सकता है। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा है। प्रेम संबंधों को लेकर सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपकी और आपके प्रिय पात्र में बॉन्डिंग शानदार रहेगी। वैवाहिक संबंध भी अच्छे बने रहेंगे। आप एक दूसरे को गिफ्ट भी दे सकते हैं। शिक्षा के लिए यह सप्ताह अच्छा दिखाई दे रहा है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** नया सप्ताह वृश्चिक राशि के जातकों के लिए बढ़िया रहेगा। इस सप्ताह आपकी सेहत भी ठीक रहेगी, यदि कोई परेशानी होगी तो घबराने की जरूरत नहीं है। आर्थिक स्थिति को लेकर भी थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी पुराने निवेश को लेकर आपको इंतजार करना पड़ सकता है। बिजनेस को लेकर समय थोड़ा सा परेशानी वाला रहेगा, इसलिए थोड़ा संयम रखें और सावधानी बरतें। नौकरी वाले जातकों के लिए शानदार समय रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह धनु राशि के जातकों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। इस सप्ताह अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। आपको आंखों की समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति को लेकर भी सावधानी बरतनी होगी। व्यर्थ के खर्चे बढ़े रहेंगे। व्यापारियों को अपने व्यापार के लिए लंबी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। आपका प्रमोशन हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहना होगा। अपने प्रिय पात्र से कोई भी बात बढ़ा-चढ़ाकर ना कहें।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपका स्वास्थ्य एकदम फिट रहेगा। किसी प्रकार का कोई शारीरिक कष्ट नहीं रहेगा। व्यापार को लेकर भी आप बहुत अधिक उत्साहित रहेंगे और अपने पार्टनर के साथ मिलकर नयी योजनाएं लागू कर सकते हैं। नौकरी में थोड़ी सी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर भी आपके लिए यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। आप अपने प्रेमी साथी संग विशेष कैंप में जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप खड़े रहेंगे। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस राशि के जातकों के लिए भी यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आप खान-पान का थोड़ा ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति भी इस सप्ताह बढ़िया रहेगी। आपके पास रुपए-पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। आमदनी में भी बढ़ोतरी हो सकती है। व्यापारी अपनी बुद्धिमानी से व्यापार को आगे बढ़ाने में सक्षम रहेंगे। नौकरी वाले जातकों को अपने ऑफिस में सम्मान प्राप्त होगा। आपके प्रेम संबंधों के लिए भी यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आप अपने प्रिय साथी से मन की बात कर सकते हैं।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शानदार रहेगा। आप स्वास्थ्य को लेकर संतुष्ट रहेंगे। व्यापार को लेकर भी आपके लिए समय अच्छा रहेगा। आपका व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। अपने कार्यक्षेत्र में उन्नति कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति बढ़िया बनी रहेगी, धन की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहेगी। खर्चे लगे रहेंगे, परंतु आमदनी भी अच्छी रहेगी। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। अहम के चलते विवाद हो सकता है। गृहस्थ जीवन बढ़िया रहेगा।




दशाश्वमेध अहिल्याबाई घाट पर पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर उत्सव मनाया।

## विरासत इमारतों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा: बिहार के पर्यटन मंत्री ने सुल्तान पैलेस विवाद पर कहा

**पटना/नयी दिल्ली :** पटना में 104 साल पुरानी इमारत सुल्तान पैलेस के परिसर में प्रस्तावित पांच सितारा होटल परियोजना से जुड़े विवाद के बीच, बिहार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि राज्य में जहां भी ''ऐसी विरासत संरचनाएं'' हैं, उनका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। गुप्ता ने यह टिप्पणी शुक्रवार को पटना स्थित अपने कार्यालय में संवाददाता-ओं से बातचीत के दौरान की, जब उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद राज्य के नये पर्यटन मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। मंत्री से पटना के ऐतिहासिक सुल्तान पैलेस के भविष्य के बारे में पूछा गया, जो पटना का एक प्रतिष्ठित वास्तुशिल्प भी है। हाल में स्थानीय मीडिया के एक वर्ग में आई खबरों में यह आशंका जताई गई थी कि प्रस्तावित पांच सितारा होटल के लिए जगह बनाने के वास्ते इस प्रसिद्ध इमारत को ढहाया जा सकता है। इन खबरों ने कई इतिहासकारों, विद्वानों, संरक्षण वास्तुकारों और अन्य धरोहर प्रेमियों तथा विरासत संरक्षण पर काम करने वाले नागरिक संस्थाओं के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है, जिन्होंने बिहार सरकार से मांग की है कि ''पटना के रत्न'' को संरक्षित किया जाए और इसे विरासत होटल परियोजना का हिस्सा बनाया जाए, जैसा कि मूल रूप से परिकल्पना की गई थी, और जिसे 2017 में सार्वजनिक किया गया था। बिहार मंत्रिमंडल ने 10 सितंबर 2024 को, पटना के मध्य में स्थित प्रतिष्ठित सुल्तान पैलेस के स्थल पर सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत पांच सितारा हेरिटेज होटल के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें इसकी एक सदी से अधिक पुरानी ऐतिहासिक संरचना को संरक्षित रखे जाने की बात कही गई तथा परियोजना के लिए इसे ध्वस्त करने के 2022 के अपने पूर्व निर्णय को पलट दिया गया था।

## आईआईटी-पटना के परिसर में करंट लगने से छात्र की मौत

**पटना :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना के परिसर में शनिवार सुबह क्रिकेट खेलते समय कथित रूप से बिजली के खंभे के संपर्क में आने पर करंट लगने के कारण एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बीटेक पाठ्यक्रम के चतुर्थ वर्ष के छात्र हर्षित राज के रूप में हुई, जो तेलंगाना के चंदन नगर का निवासी था। आईआईटी पटना के सुरक्षा प्रभारी दीपक कुमार चौरसिया ने पुलिस को बताया कि छात्र सुबह लगभग छह बजे परिसर में क्रिकेट खेलते समय बिजली का झटका लगने के बाद बेहोश हो गया। डीएसपीओ (दानापुर-2) अमरेन्द्र कुमार झा ने पत्रकारों से कहा, उसे नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि अम्हारा थाने और आईआईटी पटना प्रशासन दोनों ने छात्र के परिवार को सूचित कर दिया है।

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट, मंत्रिपरिषद विस्तार की अटकलें तेज

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से लखनऊ स्थित 'जन भवन' में शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के बाद राज्य में मंत्रिपरिषद विस्तार की अटकलें तेज हो गई हैं। 'जन भवन' की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें श्री लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा अवधारणा भेंट की। राज्यपाल से मुख्यमंत्री की इस मुलाकात के राजनीतिक निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। राज्य में लंबे समय से मंत्रिपरिषद विस्तार की चर्चाएं चल रही हैं और माना जा रहा



है कि इस पर जल्द निर्णय हो सकता है। पश्चिम बंगाल और असम समेत कई राज्यों में हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच राजनीतिक विश्-लेषकों का अनुमान है कि उत्तर प्रदेश सरकार में भी जल्द विस्तार संभव है। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में अधिकतम 60 मंत्री हो सकते हैं, जबकि वर्तमान में कुछ मंत्री पद रिक्त बताए जा रहे हैं। अगले वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंत्रिपरिषद विस्तार को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बिहार: गोलीबारी में घायल सुल्तानगंज नगर परिषद के सभापति की मौत

**पटना :** सुल्तानगंज नगर परिषद के सभापति राजकुमार ने शनिवार को पटना के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। कुछ दिन पहले उनके कार्यालय में उन्हें गोली मारी गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 28 अप्रैल को तीन हथियारबंद लोग कथित तौर पर भागलपुर जिले में उनके कार्यालय में घुस गए और गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में राजकुमार और कार्यपालक अधिकारी कृष्ण भूषण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। कुमार की स्थानीय अस्पताल में मृत्यु हो गई, जबकि राजकुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद से राजकुमार की हालत गंभीर बनी हुई थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजकुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में चौधरी ने राजकुमार को ''सरल और मिलनसार व्यक्ति'' बताया, जो क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय थे और हमेशा जनता के लिए सुलभ थे। बयान में कहा गया है, ''उनके असामयिक निधन से राजनीतिक और सामाजिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने घटना के तुरंत बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मामले में मुकदमे की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी रामधनी यादव 29 अप्रैल को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। जांच अधिकारियों का आरोप है कि यह हमला व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण हुआ।

## गिरिडीह में सड़क हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर पांच हुई

**गिरिडीह (झारखंड) :** झारखंड के गिरिडीह में हुए उस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जिसमें एक दिन पहले एक ट्रक ने सड़क पर खड़े वाहनों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में घायल एक और व्यक्ति ने धनबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह हादसा शुक्रवार शाम को निमियाघाट थाना क्षेत्र के पुराने जीटी रोड पर मुख्य बाजार में हुआ था, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी थी। अधिकारियों ने दावा किया कि ट्रक बहुत तेज़ रफ़्तार से चलाया जा रहा था और उसका चालक नशे की हालत में था। निमियाघाट थाने के प्रभारी अधिकारी सुमन कुमार ने कहा, ''शुक्रवार देर रात धनबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।'' मौके पर ही जान गंवाने वाले चार लोगों की पहचान मोहम्मद इरशाद (45), सुजीत कुमार (37), रंजीत कुमार (33) और संतोष कुमार महतो (27) के रूप में हुई है। ये सभी गिरिडीह के रहने वाले थे। हादसे में सात लोग घायल हुए। कुमार ने बताया कि ट्रक को ज़ब्त कर लिया गया है और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

## अखिलेश यादव ने मतपत्र से चुनाव कराने की मांग की

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर देश में मतपत्र के जरिए चुनाव कराने की मांग उठाई और ब्रिटेन में हाल में हुए चुनावों का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि भारत में भी मतपत्र से मतदान होना चाहिए। लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा, कल एक विकसित देश में चुनाव हुए। इंग्लैंड और ब्रिटेन में गुप्त मतदान मतपत्र के जरिए हुआ। जब अमेरिका, जापान, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देश मतपत्र से चुनाव करा सकते हैं, तो भारत में भी यह व्यवस्था लागू होनी चाहिए। यह समाजवादियों की पुरानी मांग है। उन्होंने कहा, आपने (भारतीय जनता



पार्टी की ओर इशारा करते हुए) हमें सिर्फ ईवीएम से हराया है। लेकिन हम उन्हें ईवीएम से ही फिर हराएंगे और सत्ता से हटाएंगे। अखिलेश यादव का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ब्रिटेन में स्थानीय परिषदों तथा स्कॉटलैंड और वेल्स की संसदों के चुनावों में मतगणना जारी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी स्वीकार की थी। यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करने का आह्वान भी किया। वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, हम सभी को बहुस्तरीय चुनाव माफिया से लड़ना होगा। लोकतंत्र, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बचाने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी और द्रमुक नेता एम के स्टालिन के साथ अपनी तस्वीर साझा किए जाने तथा सपा-कांग्रेस गठबंधन टूटने की अटकलों पर यादव ने कहा, यह भाजपा की फैलायी नकारात्मकता है।

## जमशेदपुर में सरकारी स्कूल से लड़की का शव बरामद

**जमशेदपुर :** झारखंड के जमशेदपुर में एक सरकारी स्कूल के परिसर से शनिवार सुबह एक नाबालिग लड़की का शव बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के अनुसार, पीड़िता की उम्र करीब 17 वर्ष हो सकती है। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, स्कूल परिसर में स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र के संचालक ने शव देखा और पुलिस को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया। कुमार ने बताया, हमने मृतका की पहचान के लिए पड़ोसी थानों से उनके क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान करने को कहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार, लड़की सोपोडेरा गांव की रहने वाली नहीं थी। अधिकारी ने बलात्कार और हत्या की आशंका को लेकर कहा कि अब तक यौन उत्पीड़न का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है, हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा, ''मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।''

## स्वस्थ होने के बाद अजय राय ने हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना, कांग्रेस दफ्तर पहुंचे

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद शनिवार को सबसे पहले लखनऊ के हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद राय कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। कांग्रेस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार अजय राय ने कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीमारी के दौरान शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए दी गई शुभकामनाओं और प्रार्थनाओं से उन्हें नयी ऊर्जा मिली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश के जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से काम करें। गौरतलब है कि कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय की एक मई को अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी। मेदांता अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि एक मई की शाम करीब छह बजे राय अपने आवास पर अचानक बेहोश हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्प-ताल लाया गया।

## राजस्थान में बढ़ेगा तापमान, पश्चिमी जिलों में लू का अनुमान

**जयपुर :** राजस्थान के अधिकांश भागों में आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने का अनुमान है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में आगामी दिनों में न्यूनतम व अधिकतम



तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने के आसार हैं। साथ ही पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में अगले पांच से छह दिन लू चलने की प्रबल संभावना है। इसने बताया कि शनिवार को कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ आंधी और बारिश हो सकती है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 11 और 12 मई को बीकानेर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र तथा जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं आंधी और हल्की बारिश होने का अनुमान है, जबकि शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार सुबह तक पिछले 24 घंटे की अवधि में राज्य में कहीं-कहीं आंधी के साथ हल्की बारिश हुई।

## वर्ग पहेली नं. 3434

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | | | | ■ | |
| 8 | 9 | | | ■ | | ■ | 10 | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ | ■ | 16 | 17 |
| 18 | | 19 | | | ■ | 20 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 21 | | | ■ | 22 | |
| | ■ | 23 | | ■ | ■ | 24 | | | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | ■ | ■ | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) पैसेवाला; धनाढ्य, 2) निगरानी, 3) शरीर, 4) तमकना; झुँझलाना, 5) मटकना, 6) दुनिया, 9) भैंसा, 11) मधुमक्खियों द्वारा पुष्परस का रूपांतर, 13) निराधार अनुमान; अंदाज़ा, 17) विवशतापूर्वक, 18) हैरानी, 19) ताकतवर; उत्साही, 20) कामधंधा, 22 सँकरा; हैरान.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) अनुकरण, 5) उपाय; दवा-दारू, 7) पैगंबर, 8) हिस्साबँटाई, 10) खाने-पीने का सामान, 12) एक ज्योतिषविद्या, 14) अपराध, 15) धृष्ट; अकड़बाज़, 16) कश (धूम्रपान); क्षमता, 18) मार्गदर्शक, 20) बटन फँसाने का छेद, 21) नियंत्रण, 22) खेमा, 23) जुगली दाँत; चर्वणक, 24) मरम्मतकर्मी, 25) पाला, 26) पैदावार.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | सि | क | ■ | मु | ■ | म | श | हू | र |
| य | ■ | पि | त | र | ■ | नो | क | ■ | ह |
| का | म | ■ | ल | गा | ता | र | ■ | ब | म |
| ■ | न | र | क | ■ | ना | म | र्द | ■ | दि |
| धू | प | ■ | ■ | मं | शा | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | सं | क | ल | ■ | ह | रि | या | ली | ■ |
| बे | द | म | ■ | अं | ■ | ■ | त | न | हा |
| ग | ■ | ■ | बाँ | ध | ना | ■ | ना | ■ | द |
| म | क्खी | चू | स | ■ | म | स | ■ | खी | सा |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3392

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | 3 | | | | |
| | 4 | 9 | | | | | 6 | |
| | | | 2 | | | | 3 | 5 |
| 6 | | | | | | | | |
| | 2 | | | 4 | | | | |
| | | | | 5 | | 7 | | 8 |
| | | 8 | | 7 | 3 | | 2 | |
| | 7 | 2 | 8 | | | | 1 | 3 |
| | | | | | 9 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3391 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 6 | 9 | 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 4 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 8 | 1 |
| 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 |





शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी के साथ उनके मां के बने चित्र के साथ पहुंची भाजपा समर्थक




# शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में ब्रिगेड परेड मैदान में उमड़ी भारी भीड़, छाई झालमुड़ी



शपथ ग्रहण के बाद सीएम शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते हरियाणा के सीएम नाया सिंह सैनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में भाजपा की पहली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी बनने के लिए उत्तर बंगाल के अलावा झारखंड जैसे पड़ोसी राज्यों सहित देश-विदेश से भाजपा के हजारों समर्थक शनिवार को कोलकाता पहुंचे, जिससे ब्रिगेड परेड मैदान भगवा रंग में रंग गया। भाजपा के झंडे और भगवा बैनर लिए समर्थकों के समूह सुबह से ही शहर के विभिन्न स्थानों पर एकत्र हुए और फिर 'जय श्री राम' के नारों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं शुभेंदु अधिकारी के समर्थन में लगाए जा रहे नारों के बीच कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े। विशाल ब्रिगेड परेड मैदान में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। लोक प्रस्तुतियों और भक्ति संगीत ने शपथ ग्रहण समारोह के माहौल को और खास बना दिया। पारंपरिक छऊ नृत्य मंडलियों और जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियों ने वहां मौजूद लोगों का मनोरंजन किया। मुख्य मंच की पृष्ठभूमि में राज्य की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया जिसमें दक्षिणेश्वर मंदिर, देवी दुर्गा और राज्य की पहचान से जुड़े अन्य पारंपरिक प्रतीकों की झलक नजर आई। समर्थक ढोल बजाते और नाचते हुए पहुंचे। कई लोग इस अवसर को राज्य में सत्ता परिवर्तन का राजनीतिक उत्सव मान रहे हैं। कार्यक्रम में स्थानीय रंग जोड़ते हुए समर्थकों में 'झालमुड़ी' के पैकेट वितरित किए गए। भाजपा की राज्य इकाई ने मध्य कोलकाता के विशाल ब्रिगेड परेड ग्राउंड इलाके में झालमुड़ी के 20 स्टॉल लगाए, जबकि कई स्वतंत्र विक्रेता भी आयोजन स्थल के पास अच्छा कारोबार करते हुए देखे गए। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए सैकड़ों लोग मुरमुरे, हरी मिर्च और तरह-तरह के मसालों से बने इस स्वादिष्ट नाश्ते का स्वाद लेने के लिए स्टॉल पर उमड़ पड़े।

**✒ बंगाली फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियां शुभेंदु के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं**

राज्य के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बंगाली फिल्म और मनोरंजन उद्योग की कई प्रमुख हस्तियां शनिवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में उपस्थित रहीं। दिग्गज अभिनेता प्रसनजीत चटर्जी समारोह में सफेद कमीज पहने नजर आए। अभिनेता जीत सुबह जल्दी ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। राजनीतिक कार्यक्रमों से आमतौर पर दूर रहने वाले जीत की उपस्थिति ने सबका ध्यान आकर्षित किया। अभिनेता जिस्सू सेनगुप्ता भी समारोह में हल्के भूरे रंग की कमीज और काला चश्मा पहने नजर आए। अन्य उपस्थित लोगों में प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित अजय चक्रवर्ती और नृत्यांगना ममता शंकर शामिल थीं। अभिनेता ऋषि कौशिक भी बंगाली टेलीविजन उद्योग के कई कलाकारों के साथ उपस्थित थे।



शपथ ग्रहण के बाद सीएम शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू



शपथ ग्रहण के बाद सीएम शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव



शपथ ग्रहण समारोह में गृह मंत्री अमित शाह एवं स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा के साथ भाजपा ट्रेड सेल की संयोजक वैशाली डालमिया



शपथ ग्रहण समारोह में विधायक पवन सिंह, भाजपा नेता दीपक सिंह, भोला सोनकर, अधिवक्ता पूजा सिंह एवं अन्य



शपथ ग्रहण के बाद सीएम शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी




शपथ ग्रहण समारोह में लोक गान की प्रस्तुति देते बाउल गायक



शपथ ग्रहण से पहले पीएम मोदी का बंगाल की जनता को प्रणाम



शपथ ग्रहण समारोह में सांस्कृतिक नृत्य पेश करती नृत्यांगना

# पीएम मोदी एवं गृह मंत्री शाह ने 'तृणमूल कांग्रेस के हमलों के पीड़ितों' को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते कुछ वर्षों में तृणमूल कांग्रेस के कथित हमलों में मारे गए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को शनिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को शक्ति के स्रोत के रूप में याद किया जाएगा। 'ब्रिगेड परेड ग्राउंड' में मंच के पास भाजपा के उन कार्यकर्ताओं की याद में एक अस्थायी स्मारक बनाया गया, जिनकी हत्या कर दी गई थी। स्मारक में एक बड़े 'बोर्ड' पर 'शहीदों' के नाम और उनके जिले लिखे गए थे। मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर स्मारक की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि साहसी भाजपा कार्यकर्ताओं



को श्रद्धांजलि! आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनने के उपलक्ष्य में आयोजित उत्सव के बीच भी, उन सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को याद किया जिन्होंने स्वयं से बड़े एक आदर्श की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि उनका त्याग पार्टी की यात्रा में सदैव अमिट रूप से अंकित रहेगा। मोदी ने कहा, उनका साहस हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा और शक्ति का स्रोत बना रहेगा। शाह ने भी कहा कि यह स्मारक शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता के हृदय में गहरी भावनाएं जगा रहा है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि उन पुण्यात्माओं का त्याग, संघर्ष और बलिदान आज सार्थक होने जा रहा है। शाह ने स्मारक का एक वीडियो साझा करते हुए पोस्ट में कहा कि राष्ट्र और संगठन के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले उन सभी हुतात्माओं को कोटि-कोटि नमन।

**✒ शपथ ग्रहण से पहले पीएम मोदी का बंगाल की जनता को प्रणाम**

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद, उन्होंने घुटनों के बल बैठकर हाथ जोड़ते हुए बंगाल की जनता को नमन किया। उस समय शुभेंदु अधिकारी और नई कैबिनेट के सदस्य भी मंच पर मौजूद थे। प्रधानमंत्री के इस भावुक अंदाज पर मैदान में मौजूद समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। बाद में, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर इस पल का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि वह पश्चिम बंगाल की जनशक्ति को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत और जनसेवा का सबसे बड़ा आधार है। भाजपा ने भी इस वीडियो को साझा करते हुए कहा कि यह दृश्य बंगाल की जनता के भरोसे और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को समर्पित है।



पीएम मोदी ने रविंद्र जयंती पर कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की दीं श्रद्धांजलि

# ममता ने विपक्षी दलों से भाजपा के खिलाफ 'संयुक्त मंच' बनाने की अपील की

☛ पूर्व मुख्यमंत्री ने रवीन्द्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने राज्य में हालिया विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में आई भाजपा का मुकाबला करने के लिए शनिवार को सभी विपक्षी दलों से एक 'संयुक्त मंच' बनाने के वास्ते एकजुट होने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों से जुड़े सभी छात्र संघों और गैर सरकारी संगठनों से भी भाजपा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। इस दिन, ममता ने कहा कि मैं सभी विपक्षी दलों, जिनमें वामपंथी और धुर-वामपंथी दल शामिल हैं, से भाजपा के खिलाफ एक संयुक्त मंच बनाने के लिए एकजुट होने का आह्वान करती हूं। उन्होंने राष्ट्रीय दलों से भी इसमें शामिल होने की अपील की। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि अगर कोई भी राजनीतिक दल इस संबंध में उनसे बातचीत करना चाहता है, तो वह उससे बात करने के लिए तैयार हैं। रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर कालीघाट स्थित अपने आवास के सामने एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह सोचने का समय नहीं है कि दुश्मन का दुश्मन मेरा दोस्त है, हमारा पहला दुश्मन भाजपा है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राज्य भर में तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। ममता ने कहा कि कई जगहों पर गुंडागर्दी हो रही है, भाजपा में बुरे तत्व घुस गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2011 में सत्ता में आने के बाद उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर अत्याचार नहीं होने दिया। ममता ने बताया कि बंगाल चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता -- सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुझसे बात की। उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और राजद के तेजस्वी यादव तथा अन्य नेताओं ने भी उन्हें संदेश भेजे, जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अखिलेश यादव ने परिणाम घोषित होने के बाद कोलकाता में उनसे मुलाकात की। ममता ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं, और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी तथा तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य मेनका गुरुस्वामी, जिन्होंने उच्चतम न्यायालय के अलावा कलकत्ता उच्च न्यायालय में विभिन्न मामलों में तृणमूल सरकार का प्रतिनिधित्व किया है, ने फोन पर उनसे बात करके अपनी एकजुटता व्यक्त की। ममता ने कहा कि मैं कलकत्ता उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन और पश्चिम बंगाल बार काउंसिल में पंजीकृत एक वरिष्ठ अधिवक्ता भी हूं। उन्होंने कहा कि तृणमूल रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर अपनी नयी यात्रा शुरू कर रही है। ममता ने कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) हमें दी गई सुरक्षा अपनी जीत के दिन ही वापस ले ली। उन्होंने कहा कि मुझे किसी की सहानुभूति नहीं चाहिए, क्योंकि यह लड़ाई हमने जीती है; भविष्य में यह साबित हो जाएगा कि हमारी हार अन्यायपूर्ण थी।

### ममता ने 'एक्स' और फेसबुक पर अपने परिचय में किया बदलाव

राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' और फेसबुक पर दर्ज अपने परिचय में शनिवार को बदलाव करते हुए खुद को 'अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की संस्थापक अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री (15वीं, 16वीं और 17वीं विधानसभा)' के रूप में वर्णित किया। ममता बनर्जी द्वारा सोशल मीडिया मंच पर अपने परिचय में बदलाव उस दिन किया गया जब भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

# अभिषेक ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल, निर्वाचन आयोग पर पक्षपात का लगाया आरोप

### कहा... 'ममता बनर्जी के मार्गदर्शन में करेंगे लोकतंत्र की रक्षा'



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव की चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को निर्वाचन आयोग पर 'पक्षपातपूर्ण' तरीके से काम करने का आरोप लगाया और भाजपा द्वारा जीते गए चुनावों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का दावा किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सोशल मीडिया पर पहली पोस्ट में अभिषेक ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल और केंद्र दोनों जगह 'मजबूत, मुखर और समझौता न करने वाला विपक्षी दल' बनी रहेगी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान हमने कई सरकारी एजेंसियों और भारत के निर्वाचन आयोग का ऐसा रवैया देखा, जिसे हम पक्षपातपूर्ण मानते हैं। तृणमूल सांसद ने लिखा कि 'जो लोकतांत्रिक संस्थाएं निष्पक्ष तरीके से काम करने के लिए बनाई गई हैं, वे समझौता करती हुई नजर आईं। इससे पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने बेहद कठिन चुनाव लड़ा, जिसमें करीब 30 लाख वास्तविक मतदाताओं के नाम कथित तौर पर मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने कहा कि मैं इस लड़ाई में हर तृणमूल कार्यकर्ता और समर्थक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि सच सामने आए और अब दोनों सरकारें वास्तव में पश्चिम बंगाल के लोगों के हित में काम करें। तृणमूल नेता ने चुनाव में इस्तेमाल हुई ईवीएम के कंट्रोल यूनिट में गड़बड़ी और उनके रखरखाव व आवाजाही में अनियमितताओं का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई चिंताजनक घटनाओं ने लाखों लोगों को यह सवाल उठाने पर मजबूर कर दिया है कि क्या जनता के वास्तविक जनादेश का सम्मान किया गया। उन्होंने मतगणना केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने और वीवीपैट पर्चियों की पारदर्शी गिनती की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी जीवित रह सकता है जब चुनावी संस्थाएं लोगों के भीतर विश्वास और भरोसा पैदा करें। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, जो हमने देखा है उसने उस भरोसे को पूरी तरह झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव बाद हिंसा, पार्टी कार्यालयों पर हमले, कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने और समर्थकों को धमकी देने की घटनाएं बेहद चिंताजनक और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अस्वीकार्य हैं। जमीन पर पूरी तरह से मेहनत करने वाले कई समर्पित तृणमूल कार्यकर्ता और समर्थक कथित तौर पर लक्षित हमलों का शिकार हुए और डर व असुरक्षा के कारण उन्हें अपने घर छोड़ने पड़े। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक कार्यकर्ता को अपनी सुरक्षा और अपनी राजनीतिक विचारधारा के बीच कभी चुनाव नहीं करना चाहिए। अभिषेक ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस 'लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों और लोगों के अधिकारों व सम्मान' की लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि कोई धमकी या हिंसा का सामना कर रहा है तो वह सीधे उनसे संपर्क करे। तृणमूल सांसद ने कहा कि मैं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उपलब्ध हर कानूनी व लोकतांत्रिक रास्ते का इस्तेमाल करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से प्रयास करूंगा।

# तृणमूल ने शोभनदेव चट्टोपाध्याय को बनाया विपक्ष का नेता

☛ असीमा पात्रा और नयना बंद्योपाध्याय को उपनेता की जिम्मेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को 18वीं विधानसभा के लिए अपने विधायी दल के नेतृत्व की औपचारिक घोषणा कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा में संसदीय दल के नेता अभिषेक बनर्जी की ओर से जारी बयान में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों की जानकारी दी गई। पार्टी के निर्णय के अनुसार, वरिष्ठ नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है। वहीं, महिला नेतृत्व को प्राथमिकता देते हुए, असीमा पात्रा और नयना बंद्योपाध्याय को संयुक्त रूप से विपक्ष का उपनेता बनाया गया है। सदन के भीतर पार्टी की रणनीति और अनुशासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ नेता फिरहाद हकीम को मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि ये सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। पार्टी नेतृत्व ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे जनता के हितों के मुद्दों को विधानसभा में मजबूती से उठाएंगे। तृणमूल कांग्रेस की ओर से जारी यह घोषणा कोलकाता स्थित पार्टी मुख्यालय और सचिवालय से आधिकारिक तौर पर जारी की गई।

### तृणमूल ने 'पार्टी विरोधी' गतिविधियों के आरोप में तीन प्रवक्ताओं को किया निलंबित

विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद पार्टी विरोधी टिप्पणी करने के आरोप में शनिवार को पार्टी ने अपने तीन प्रवक्ताओं को छह साल के लिए निलंबित कर दिया। एक बयान के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस अनुशासन का उल्लंघन करने के आरोप में प्रवक्ता कोहिनूर मजूमदार, रिजू दत्ता और कार्तिक घोष को निलंबित कर दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस ने यह कार्रवाई विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद नेतृत्व और पार्टी की चुनावी रणनीति की आलोचना करने वाली टिप्पणियों के लिए पांच प्रवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद की है। तृणमूल सांसद डेरेक ओब्रायन ने ये नोटिस जारी किये थे, जो पार्टी की अनुशासनात्मक समिति के सदस्य हैं। तृणमूल ने तीन प्रवक्ताओं के निलंबन के अलावा कृष्णेंदु चौधरी और पापिया घोष को भी नोटिस जारी किए गए थे। पार्टी ने 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा था और पूछा था कि 'पार्टी अनुशासन के उल्लंघन' के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए।

## भाजपा सरकार बनते ही कोलकाता पुलिस ने ममता-अभिषेक को किया अनफॉलो

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन होते ही प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव नजर आया। कोलकाता पुलिस के 'एक्स' हैंडल ने राज्य के कई वरिष्ठ नेताओं को अनफॉलो कर दिया और नई सरकार के नेताओं को फॉलो किया। जानकारी के अनुसार, कोलकाता पुलिस के आधिकारिक अकाउंट ने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और पार्टी से जुड़े कुछ अन्य नेताओं को अनफॉलो कर दिया है। वहीं, कोलकाता पुलिस के एक्स हैंडल ने अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और गृह मंत्रालय (एमएचए) के आधिकारिक हैंडल को फॉलो करना शुरू कर दिया है। साथ ही, कोलकाता पुलिस ने राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को भी फॉलो किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री ममता के घर के बाहर लगे 'जय श्री राम' के नारे, सुरक्षा कड़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद शनिवार को कालीघाट इलाके में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास के बाहर 'जय श्रीराम' के नारे लगाए। यह घटनाक्रम कालीघाट की हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित ममता बनर्जी के घर के बाहर देखने को मिला। इससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। हालात को देखते हुए मौके पर मौजूद पुलिस ने भीड़ को हटाने की कोशिश की। स्थिति बिगड़ने की आशंका के चलते बाद में वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। अधिकारियों के अनुसार, स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है और किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, एहतियात के तौर पर इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## हमलावरों को कार में चंद्रनाथ की सीट के बारे में पहले से जानकारी थी : एसआईटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या से जुड़े मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) को पता चला है कि हमलावरों को बुधवार की रात पहले से यह जानकारी थी कि रथ कार में किस जगह बैठे हैं। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि हत्या के सिलसिले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है, हालांकि, अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। एसआईटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि हमलावरों को अच्छी तरह पता था कि रथ वाहन के अंदर कहां बैठे हैं। हमला तेज और पेशेवर अंदाज में किया गया।

## सुब्रत गुप्ता नये मुख्यमंत्री के सलाहकार नियुक्त, शांतनु बाला निजी सचिव नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी सुब्रत गुप्ता को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का सलाहकार नियुक्त किया गया। शनिवार को जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी। अधिसूचना के मुताबिक, 1990 बैच के अधिकारी गुप्ता को हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों से पहले हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि गुप्ता के व्यापक अनुभव से नई सरकार को नीति समन्वय और शासन संबंधी मामलों में मदद मिलने की उम्मीद है। एक अन्य अधिसूचना के अनुसार, भाजपा की नई सरकार ने आईएएस अधिकारी शांतनु बाला को मुख्यमंत्री का निजी सचिव भी



नियुक्त किया। अधिसूचना में बताया गया कि 2017 बैच के अधिकारी बाला इससे पहले दक्षिण 24 परगना के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट थे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बाला की नियुक्ति सरकार परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय के पुनर्गठन का हिस्सा है। अधिसूचनाओं के अनुसार, दोनों अधिकारियों को तत्काल अपने नए कार्यभार संभालने के लिए कहा गया है।

## नई सरकार बनते ही 46 डब्ल्यूबीसीएस अधिकारियों का तबादला


**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में शनिवार को भाजपा की पहली नई सरकार बनते ही प्रशासनिक महकमों में अधिकारियों के तबादलों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने 46 डब्ल्यूबीसीएस (कार्यकारी) अधिकारियों को इधर से उधर करते हुए विभिन्न विभागों में नई तैनाती का आदेश जारी किया है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, इन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए विभागों में कार्यभार संभालने को कहा गया है। अधिसूचना के मुताबिक, इनमें कई अधिकारी पूर्व मंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के निजी सचिव (पीएस) तथा विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्यरत थे। राज्य सरकार ने सभी संबंधित विभागों को अधिकारियों को तत्काल नई जिम्मेदारी के लिए तुरंत कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया है। जारी आदेश में कृषि विपणन, पशुपालन, उपभोक्ता मामले, सहकारिता, अग्निशमन, मत्स्य, खाद्य एवं आपूर्ति, वन, उद्योग, परिवहन, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून, सिंचाई तथा शहरी विकास समेत कई विभागों में इन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राज्य सरकार ने कहा है कि यह तैनाती प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से की गई है।

## 15 साल बाद माकपा के मुखपत्र को मिला राज्य सरकार का विज्ञापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 15 साल बाद माकपा के प्रात:कालीन मुखपत्र को राज्य सरकार का विज्ञापन मिला है। शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में राज्य की पहली भाजपा सरकार के शपथग्रहण समारोह से पहले विभिन्न अखबारों में सरकारी विज्ञापन प्रकाशित किए गए। इन्हीं में माकपा के मुखपत्र के पहले पन्ने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शुभेंदु अधिकारी की तस्वीर वाला विज्ञापन भी छपा। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार माकपा के मुखपत्र में सरकारी विज्ञापन प्रकाशित होने को माकपा का मुख्यालय अलीमुद्दीन स्ट्रीट सकारात्मक संकेत मान रहा है। पार्टी का आरोप था कि 2011 में ममता बनर्जी के सत्ता में आने के बाद से पार्टी के मुखपत्र को सरकारी विज्ञापन देना बंद कर दिया गया था। इस मुद्दे पर माकपा ने अदालत का दरवाजा भी खटखटाया था, लेकिन कोई ठोस राहत नहीं मिली थी। 2011 में सत्ता से बाहर होने के बाद माकपा आर्थिक रूप से लगातार कमजोर हुई है। पिछले कुछ वर्षों से पार्टी के मुखपत्र और अन्य वैचारिक प्रकाशन आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। ऐसे में पार्टी नेतृत्व मानता है कि सरकारी विज्ञापनों की वापसी आर्थिक रूप से राहत देने वाली हो सकती है। साथ ही उनका कहना है कि इससे पार्टी की वैचारिक और राजनीतिक लड़ाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## विधानसभा से ममता की कुर्सी हटी, नये मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी दूसरी कुर्सी का करेंगे उपयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पिछले 15 वर्षों से राज्य विधानसभा में इस्तेमाल की जा रही कुर्सी को राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नेता प्रतिपक्ष के कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री की कुर्सी का उपयोग नहीं करेंगे और मुख्यमंत्री कक्ष में उनके लिए एक अलग कुर्सी की व्यवस्था की गई है। शनिवार को दिन में अधिकारी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नई सरकार के सत्ता संभालने के बाद प्रशासनिक फेरबदल के तहत शुक्रवार रात को लकड़ी की कुर्सी को स्थानांतरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिस



कमरे में अब ममता की कुर्सी रखी गई है, उसका उपयोग विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा किए जाने की उम्मीद है। राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री के लिए निर्धारित फर्नीचर और आधिकारिक चिह्नों को हटा दिया गया है। नए प्रशासन के लिए आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं।

## शुभेंदु अधिकारी बहुत परिश्रमी छात्र थे : शिक्षक ने कहा

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** पूर्व मेदिनीपुर जिले में कोंटाई के सेवानिवृत्त शिक्षक हिमांशु माजी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी एक परिश्रमी छात्र थे और आज उन्हें राज्य की पहली भाजपा सरकार का नेतृत्व करते हुए देखकर गर्व महसूस हो रहा है। माजी ने बताया कि शुभेंदु कोंटाई प्रभात कुमार कॉलेज में वाणिज्य के छात्र थे और वहां छात्रसंघ के सांस्कृतिक सचिव थे। शिक्षक ने गर्व से कहा कि कक्षाओं में उपस्थित होने के अलावा शुभेंदु मुझसे निजी ट्यूशन भी लेते थे। वह बहुत मेहनती थे। उन्होंने कहा कि शुभेंदु के पूरी तरह राजनीति में प्रवेश करने के बाद भी उनके बीच शिक्षक-छात्र का रिश्ता बरकरार रहा। माजी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव प्रचार के दौरान वह हमारे पड़ोस में आए तो मेरे घर भी आए। अंदर आते ही उन्होंने मेरे पैर छुए और मेरा हालचाल पूछा। शुभेंदु के परिवार के बारे में शिक्षक ने कहा कि मुख्यमंत्री के पिता शिशिर अधिकारी उस समय कोंटाई नगर निकाय के अध्यक्ष थे, जिनके साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध थे। माजी ने कहा कि शुभेंदु रोज रिक्शा से नगर निकाय कार्यालय जाया करते थे। जब भी वह मुझे सड़क पर देखते तो मुझे अपने साथ चलने के लिए कहते थे। हालांकि, सेवानिवृत्त शिक्षक ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब उन्होंने शुभेंदु के शैक्षिक प्रदर्शन के बारे में चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि शुभेंदु जब 11वीं कक्षा में थे तब मैंने एक या दो बार उनके पिता से उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को लेकर शिकायत की थी। मुझे छात्र राजनीति कभी पसंद नहीं आई। एक शिक्षक के रूप में, मैं हमेशा छात्रों को पहले पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कहता था। माजी ने कहा कि किसी पिछड़े जिले के व्यक्ति को राज्य का मुख्यमंत्री बनते देखने से अधिक खुशी की बात और क्या हो सकती है?

## बहरमपुर में तृणमूल नेता के करीबी के घर से पिस्तौल, कारतूस और मैगजिन बरामद

☛ तीन पिस्तौल, 140 राउंड कारतूस और चार मैगजिन बरामद

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरमपुर शहर में तृणमूल नेता के एक करीबी के घर से भारी संख्या में आग्नेयास्त्र और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने शनिवार को गिरजापाड़ा इलाके में छापेमारी कर तीन पिस्तौल, 140 राउंड कारतूस और चार मैगजिन बरामद किए। मामले में घर की गृहस्वामिनी टुकु सरकार को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बहरमपुर टाउन युवा तृणमूल अध्यक्ष पापाई घोष के करीबी बताए जाने वाले असीम सरकार के घर पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया था। पुलिस का अनुमान है कि इलाके में किसी हमले की साजिश रची जा रही थी। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही घर मालिक असीम सरकार और कथित आरोपित नेता फरार हो गए। शनिवार को गिरफ्तार महिला को बहरमपुर जिला जज अदालत में पेश किया गया। जांच के हित में पुलिस ने 10 दिनों की पुलिस हिरासत की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने आरोपित महिला को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का निर्देश दिया। पुलिस अब फरार आरोपित नेता और घर मालिक की तलाश में जुटी है। साथ ही, यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हथियार कहां से लाए गए थे, उन्हें घर में किस उद्देश्य से जमा किया गया था और इस पूरे मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## अचानक मेयर फिरहाद हकीम ने छोड़ा दो व्हाट्सऐप ग्रुप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बीच कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने निगम के दो व्हाट्सऐप ग्रुप छोड़ दिए, जिससे राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई है। बताया गया है कि मेयर ने 'पब्लिक सेफ्टी' और 'वेक्टर कंट्रोल' नामक दो अहम ग्रुप से खुद को हटा लिया। ये दोनों ग्रुप नगर निगम के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए थे। आमतौर पर किसी पद में बदलाव या जिम्मेदारी बदलने पर ऐसे ग्रुप छोड़े जाते है, लेकिन फिरहाद हकीम ने अचानक यह कदम क्यों उठाया, इस पर अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। उनके इस फैसले के बाद निगम के कर्मचारी और अधिकारी भी असमंजस में हैं, क्योंकि जहां कर्मचारी अब भी ग्रुप में बने हुए हैं, वहीं खुद मेयर का बाहर निकलना कई सवाल खड़े कर रहा है।


**CHANGE OF NAME**

I, Vindravati, W/o. Premchand Jaiswal, resident- C/o. Premchand Jaiswal, Mahasindhu Apartment, Ground Floor, Helabattala, Rajendrapally, P.S.- Eco Park, Hatiara, North 24 Parganas, West Bengal- 700157, do hereby declare that I have changed my name from Vindravati to Vrindavati Jaiswal and henceforth be known as Vrindavati Jaiswal in all purposes, vide affidavit no. 1537, sworn before the court of the 1st Class Judicial Magistrate at Calcutta on 28/04/2026, Vrindavati Jaiswal and Vindravati both are same and identical person.

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**वेल्डिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-51-26-27, दि. 06-05-2026 कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट द्वारा रेल जोड़ों की वेल्डिंग। निविदा मूल्य: 5,31,43,933.24/-, अमानत राशि: ₹ 10,62,900.00/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 18 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 19-05-2026 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथि: 02-06-2026 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.) द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/FL/99

South East Central Railway @secrail

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: 31_2026-27, दिनांक: 07.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, नया मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिचाई/ सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **[वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा] ई-निविदा सं.: 31_2026-27, कार्य का विवरण :** हावड़ा-डीएसडीसी के लिए हावड़ा मंडल के तहत रूट को खुला (क्लीयर) रखने के लिए अतिक्रमण को हटाना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 31,51,27,961.71, **बयाना राशि :** रु. 63,02,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 29.05.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-55/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/ एसडीएएच/609, दिनांक 07.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **'ई'-निविदा सं. एसडीएसटीई/ एसआईजी/टी/37/25-26/एसएफ। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल के तहत इंटरलॉक्ड एलसी गेटों (ओएसएल) पर सिग्नल ब्लैंकिंग से बचाव के लिए इंवर्टर का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 1,36,96,335.43, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,73,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 21.05.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 04.06.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 04.06.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहां उपलब्ध है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित किया जाना है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-33/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पश्चिम मध्य रेल**

**नं.: JBP/C/NFR/E-Tender/26, दिनांक: 07.05.2026**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। **(1) श्रेणी:** विज्ञापन-आउट ऑफ होम **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-JBP-PPI-OH-145-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण :** पिपरिया रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर-परिसंचरण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर व्यावसायिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैंट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण कार्य, अवधि 05 वर्ष। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 15:30 **(2) श्रेणी:** विज्ञापन-आउट ऑफ होम **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-JBP-KTE-OH-146-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** कटनी रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर-परिसंचरण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर व्यावसायिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैंट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण कार्य, अवधि 05 वर्ष। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 15:40 **(3) श्रेणी:** विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (विंडो के नीचे) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-EBW-127872-4-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11705/06 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 15:50 **(4) श्रेणी:** विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (विंडो के नीचे) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-EBW-155494-3-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 22189/90 JBP-REWA, 11265/66 JBP-ABKP एवं 11651/52 JBP-SGRL में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 16:00 **(5) श्रेणी:** विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (विंडो के नीचे) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-EBW-288200-1-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11701/02 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से व्यावसायिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 16:10 **(6) श्रेणी:** विज्ञापन-स्टेशन परिसर (गैर-डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-JBP-NU-OSN-90-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 16:20 **(7) श्रेणी:** विज्ञापन-स्टेशन परिसर (गैर-डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-JBP-PPI-OSN-91-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** पिपरिया रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 16:30 **(8) श्रेणी:** विज्ञापन-स्टेशन परिसर (गैर-डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-JBP-MML-OSN-89-22-2 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** मदनमहल रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 16:40 **(9) श्रेणी:** विज्ञापन-स्टेशन परिसर (गैर-डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-JBP-KTE-OSN-150-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** कटनी रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 16:50 **(10) श्रेणी:** विज्ञापन-स्टेशन परिसर (गैर-डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-JBP-SGO-OSN-99-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** सागर (SGO) रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 17:00 **(11) श्रेणी:** विज्ञापन-स्टेशन परिसर (गैर-डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या:** ADVT-JBP-REWA-OSN-151-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** रीवा रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 15/05/2026 17:10 **(12) श्रेणी:** विविध स्थिर सेवाएं-ट्रैवल हेल्प डेस्क/ट्रैवलर सूचना एवं प्रमोशनल कियोस्क **निविदा सूचना संख्या:** MSS-JBP-MML-THDPK-73-25-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** मदनमहल रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार हेतु ट्रैवल डेस्क/कियोस्क। रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित मुख्य प्रवेश/निकास द्वार के निकट 100 वर्गफुट क्षेत्र आवंटित किया जाएगा। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 18/05/2026 15:30 **(13) श्रेणी:** विविध स्थिर सेवाएं-ट्रैवल हेल्प डेस्क/ट्रैवलर सूचना एवं प्रमोशनल कियोस्क **निविदा सूचना संख्या:** MSS-JBP-JBP-THDPK-67-25-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रैवल हेल्पडेस्क / यात्री सूचना एवं प्रमोशनल कियोस्क **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 18/05/2026 15:40 **(14) श्रेणी:** पे एंड यूज-लाउंज/प्रतीक्षालय/रिटायरिंग/ब्लॉक रूम **निविदा सूचना संख्या:** PnU-JBP-PPI-WRL-38-25-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** पिपरिया स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं सहित एसी प्रतीक्षालयों का उन्नयन, अनुरक्षण एवं संचालन कार्य, जिसमें मल्टीपरपज़ स्टॉल एवं टूरिस्ट कियोस्क शामिल हैं। प्रतीक्षालय का कुल क्षेत्रफल 328 वर्गमीटर है तथा शौचालय सुविधा उपलब्ध है। **निविदा समाप्ति दिनांक समय:** 18/05/2026 15:30. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (वा),
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



डॉ. एस. के. सैनी

# भांडाशाह जैन मंदिर, बीकानेर, राजस्थान

## हमारी अनजानी धरोहर 97

बीकानेर शहर में लक्ष्मीनाथ मंदिर के पास स्थित भांडा शाह मंदिर अपनी अनूठी वास्तु कला के लिए तो प्रसिद्ध है ही किंतु एक और विशिष्ट तथ्य के लिए यह मंदिर प्रसिद्ध है जो पूरे भारत में ही नहीं पूरे विश्व में कहीं पर भी ऐसी विशेषता नहीं पाई जाती है।

15वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर जैन तीर्थंकर सुमति नाथ जी को समर्पित है और उसे समय के तत्कालीन प्रसिद्ध नगर सेठ भांडा शाह के द्वारा इस मंदिर का निर्माण किया गया था इस मंदिर की अनूठी विशेषता यह है कि इस मंदिर में नीव में पानी के बजाय 40000 किलो देसी घी का प्रयोग किया गया था और यही कारण है कि जब गर्मीयां पड़ती है, चिलचिलाती धूप पड़ती हैं तो इसकी नीव से यह घी पिघलता हुआ आकर के और चबूतरो पर बाहर निकलता हुआ दरारों से दिखाई देता है जो अपने आप में ही एक अद्भुत दृश्य है, किस तरह से वास्तुकला में किन-किन चीजों का प्रयोग किया जाता था कहते हैं कि प्राचीन वास्तुकला में चूने के पत्थर को बड़ी-बड़ी चक्कियों से पीसकर उसमें भांति भांति के रसायन मिलाए जाते थे और उसके पश्चात पानी मिलाया जाता था और कुछ मात्रा में देसी घी का भी इस्तेमाल होता था ताकि उसकी पकड़ मजबूत रहे किंतु यहां पर तो पानी के बजाय पूरा का पूरा देसी घी ऊंदेल दिया गया जो अपने आप में नीव को इतना सुदृढ़ कर गया कि वह कितना ही भूकंप आए कभी नहीं हिलेगी।इस तरह का मिश्रण



सीमेंट से भी कहीं ज्यादा मजबूत हो जाता है।

इस मंदिर की दूसरी विशेषता है इसके अंदर में दीवारों और छतों और खम्बो पर की गई चित्रकारी, बेल बूटे, द्वारपालों का चित्रण और जैन तीर्थंकरों की विभिन्न कथाओं का चित्रण इस मंदिर को और ज्यादा आकर्षक बना देता है साथ ही फर्श पर संगमरमर के फर्श पर की गई पच्ची कारी करके तरह-तरह के बेलबूटे उसमें बिठा दिए गए हैं और बाद में उसको घिस दिया गया है जो चिकना हो गया, वह अपने आप में बहुत अद्भुत है।

जब भी गर्मियों का मौसम आता है और तेज धूप मंदिर के ऊपर पड़ती है तो घी नीव से और चबूतरे से बाहर निकलता है पत्थरों की है बीच की दरारों के माध्यम से और वह आपके पैरों को चिकना कर देता है आपको ऐसा होता है कि कोई चिपक गई।

यह चीज पैरों में जब आप देखते हैं कि यह कोई पानी नहीं है यह शुद्ध घी है, देख करके चमत्कृत रह जाते हैं। उस समय के इस नगर सेठ के द्वारा यह अद्भुत वास्तु निर्माण अपने आप में बेहद प्रशंसनीय है।

मंदिर का फर्श अपने आप में वास्तु कला और संगमरमर निर्माण कला का अद्भुत संगम है अंदर का फर्श बाहर के फर्श से और ज्यादा चिकना है और मन करता है कि वहां बैठकर ध्यान की मुद्रा में कुछ मिनट बिताए जाएं।

# चेहरे को बार-बार धोयें

सेतु जैन

'बार-बार धोयें। जब भी फुर्सत मिले, जल से चेहरा धोयें। जल चिकित्सा से बेहतर कोई कारगर उपाय नहीं, चेहरे को कांतिवान बनाने में और रूप लावण्य बरकरार रखने में।

यूं तो प्रकृति में प्राकृतिक सम्पदा बिखरी पड़ी है। उनके बारे में जानकारी हासिल करने भर की देर है। हम तरह-तरह से उन्हें प्रयोग में लाकर चेहरे का सौंदर्य बढ़ा सकते हैं मगर जल यानी पानी मुफ्त में और सर्वत्रा सुलभ है। चेहरे की सौंदर्य वृद्धि हेतु बार-बार जल से चेहरा धोना एक प्राकृतिक विधि है।

प्रारंभ से ही बच्चों में प्रातः उठते ही सबसे पहले स्वच्छ जल से मुंह धोने की आदत डालनी चाहिए। मुंह धोते समय आंखों को भी पानी छपक-छपक कर धोना चाहिए। इससे आंखों को आराम और राहत मिलती ही है, साथ ही आंखों द्वारा निकलने वाले विकारी अवयव भी संग में धुल जाते हैं। आंखों का व्यायाम भी हो जाता है, जिससे आंखों की रोशनी भी बढ़ती है।

इसके अलावा सोते समय हमारे चेहरे पर जो रोमछिद्रों द्वारा चिपचिपा तैलीय पदार्थ स्रावित होता है, वह भी धुल जाता है और चेहरा खिला खिला सा प्रतीत होने लगता है।

आजकल की भागदौड़ वाली ज़िंदगी में अक्सर कई घंटों तक घर से बाहर रहना पड़ता है। ऐसे में मेकअप अधिक देर तक टिका रहे, यह भी एक समस्या होती है मगर फिक्र न करें। मेकअप करने से पहले चेहरा अच्छी तरह धो लें। और नहीं तो बर्फ घिस लें । मेकअप अधिक देर तक टिका रहेगा।



जब भी आपको थकान महसूस हो, चेहरा, गर्दन, हाथ, कोहनी, कान के पीछे अच्छी तरह धोयें (पैर भी)। सारी थकान पलक झपकते दूर हो जायेगी और आप टेंशन फ्री हो जायेंगी।

जब भी आप बाहर से घर लौटें, सर्वप्रथम चेहरा आदि स्वच्छ जल से धोयें ताकि धूल कण तथा पसीना और प्रदूषित वायु, धुएं आदि का प्रभाव जाता रहे और त्वचा साफ सुथरी, कोमल तथा लावण्ययुक्त हो जाये।

अगर आपकी त्वचा तैलीय है, और खूब जमकर पसीना आता है, ऐसी स्थिति में भी चेहरे को बार-बार ठण्डे पानी से धोना चाहिए। यह एक कारगर उपाय है।

अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है और कील मुंहासे निकलते रहते हैं तो ऐसी स्थिति में चार या पांच बार दिन में ठण्डे पानी से चेहरा धोयें और टावेल से रगड़ कर नहीं, थपक कर सुखा लें। मुंहासे बढ़ेंगे या फैलेंगे नहीं।

रात्रि में सोने से पहले चेहरे का सम्पूर्ण मेकअप उतार लें और फिर चेहरा अच्छी तरह से धोयें। इससे रोमछिद्र खुल जायेंगे और शरीर के भीतर की गंदगी का आसानी से विसर्जन हो सकेगा। साथ ही आरामदायक निद्रा भी आयेगी।

चेहरा धोते समय बार-बार हाथों की ओक बनाकर बार-बार पानी का छपाका चेहरे पर लगायें तो इससे आंखों की सफाई आसानी से होती है। मुंह की भी सफाई हो जाती है। ऐसा करना त्वचा को भाता है और रक्ताभिसरण क्रिया तीव्र हो जाती है जिससे शरीर स्थित कोषों एवं ऊतकों को अधिक से अधिक ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है और कार्बन डाई-आक्साईड श्वसन क्रिया के माध्यम से शरीर के बाहर उत्सर्जित हो जाती है। ऐसे में शरीर हल्का एवं तनावरहित महसूस करने लगता है। थकान गायब हो जाती है, सो अलग।

मुंह धोने के लिए ठण्ड में हल्के गुनगुने और गर्मी में ठण्डे पानी का प्रयोग उचित रहता है। अगर साधारण पानी सूट न करे तो मिनरल वाटर का भी प्रयोग किया जा सकता है। अतः बार-बार धोयें, अनेक बार धोयें। धोने का सबब है हमारे चेहरे को कांतिवान, निरोग, स्वस्थ एवं लावण्ययुक्त तथा सुंदर बनाना। पर ध्यान रखें साबुन फेश वॉश का प्रयोग न करें। दिनभर में अधिक से अधिक दो बार माइल्ड फेसवाश प्रयोग न करें। (उर्वशी)

## ।। गिरिधर राय की कुंडलिया ।।



गिरिधर राय
प्रतिष्ठित हास्य कवि

### महानायक सुभेन्दु

अधिकारी सुवेन्दू ने, बदला सारा खेल
ढाह वाम के दुर्ग को, ममता से की मेल
ममता से की मेल, मगर दुराव जब पाया
तज त्रिमूल का साथ,हाथ हिंदुत्व बढ़ाया
कहते 'गिरिधर राय'- हराया दो-दो बारी
राजा पहली बार , बना सच्चा अधिकारी

# बच्चों में तनाव को पहचानिये

अम्बिका

ज़िन्दगी की तेज रफ्तार ने बड़ों में तो तनाव बढ़ा ही दिया है लेकिन दुख और हैरत की बात यह है कि बच्चों में भी तनाव होता है और इसी कारण से और कई बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। यह समस्या शहरी बच्चों में अधिक पाई जाती है।

अक्सर मां-बाप, सगे सम्बन्धी और उनके निकटतम दोस्त भी यह नहीं पहचान सकते कि बच्चे को क्या शिकायत है। खुद मां-बाप भी नहीं जान पाते कि उनके बच्चे क्यों तनावग्रस्त हैं और क्यों वे किसी भी बात में रूचि नहीं ले रहे, न तो पढ़ाई में, न खेलकूद में और न ही पहनावे में या घूमने-फिरने में।

तो आप कैसे पहचानेंगे कि आपका बच्चा तनाव का शिकार है या नहीं। आइये हम आपको कुछ लक्षण बताते हैं जिनसे आप पहचान सकते हैं कि शायद आपका बच्चा तनाव से घिरा है और उसे आपकी हमदर्दी और सहायता और शायद डाक्टर की सलाह की भी जरूरत है।

कभी-कभी बच्चों की उदासी और अकेलापन पहचाना जाता है तो आपको यह ध्यान में रखना है कि जरूरी नहीं कि आप हर रूठने को या जिद्द को तनाव समझें लेकिन कुछ लक्षण हैं जिनका ध्यान रखना चाहिये। हम आपको कुछ ऐसे लक्षण बताते हैं।

**खेल कूद में रूचि न लेनाः-**

जिन बच्चों को तनाव है, वे कहते हैं कि उन्हें कोई खेल पसंद नहीं, न कोई दोस्त पसंद है। वे अकेले ही बैठना पसंद करते हैं।



**खुद अपने आप को नीचा दिखानाः-**

जब बच्चे स्वयं ही अपनी निंदा करें और कहें 'हम तो हैं ही ऐसे' और जानबूझ कर सबके सामने ज्यादा बुरा व्यवहार करें।

**पढ़ाई में रूचि न लेनाः-**

जैसा कि आशीष के साथ हुआ। अचानक स्कूल से नफरत और पढ़ाई में कम नंबर लाना।

**रात को बुरे सपने आनाः-**

कभी-कभी बच्चों को भयानक सपने आने लगते हैं और वे बिस्तर भी गीला करने लगते हैं। यह लक्षण तो बिल्कुल ठीक नहीं है।

**असामाजिक व्यवहारः-**

जब बच्चे अपने कमरे में ही रहते हैं। रिश्तेदार या दोस्तों के आने पर वे मिलते-जुलते नहीं और किसी के पास नहीं बैठते। गुमसुम रहते हैं। न टीवी देखते हैं, न गाना सुनते हैं। बस अपने आप में ही मगन रहने लगें तो थोड़ा ध्यान दीजिये।

**जब बच्चे आपके बिना एक पल भी न रहें-**

कभी-कभी काफी बड़े बच्चे, जो अपने खेलकूद तथा अपने दोस्तों में मग्न रहते हों, वे अचानक मां-बाप के पीछे-पीछे घूमने लगें या उनके कहीं आने-जाने से ज्यादा घबरायें या चिढ़ जाएं-तब भी आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिये।

बच्चों में तनाव जरूर बढ़ता जा रहा है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि थोड़ी-सी जिद्द या गलत व्यवहार को आप तनाव समझ कर हैरत में पड़ जाएं और यह भी ध्यान में रखें कि लगातार गलत व्यवहार को छुपाना, न पहचानना या उसके प्रति लापरवाही बरतना भी ठीक नहीं। बेहतर यह है कि आप डाक्टर की सलाह लें। (उर्वशी)

# अरेंज मैरिज ही भारतीय समाज का आधार क्यों?



पाली गुप्ता

मुझे लगता है कि भारत उन विशेष देशों में से एक है, जहां आज भी, पहले समाज और उसकी मर्यादा है और बाद में कहीं जाकर आपकी अपनी पसंद और खुशी? उदाहरण के लिए हम 'अरेंज मैरिज' को ही ले लें। भारत में अरेंज मैरिज के सफल होने की निश्चितता हो या न हो लेकिन लंबे समय तक चलने की गारंटी है क्योंकि भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा आज भी गांवों में है, जहां आज भी परिवार को मान्यता ज्यादा दी जाती है और उसकी प्रतिष्ठा को बनाए रखना ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

मेरी दादी की शादी हुई, जब वे सिर्फ 14 साल की थी। अगले कुछ वर्षों में उनके बच्चे भी हो गए। ये शायद वो पल होते हैं जिंदगी के, जिसे हर इंसान अपनी पढ़ाई और करियर में लगाता है और अपनी जिंदगी में कुछ करना और बनना चाहता है। उस वक्त में उन्होंने एक बड़े परिवार की जिम्मेदारी संभाल ली और उन्हें यह भी याद नहीं कि उन्होंने अपनी जिंदगी कब जी, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे बड़ों ने जो किया वो गलत था लेकिन हम ये जानते हैं कि अरेंज मैरिज हमें अपनी मर्जी अपने निर्णय और इच्छाओं के विरूद्ध भी काम करवाती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वे लड़कियां हैं जो अरेंज मैरिज के बाद दहेज कुप्रथा जैसी परेशानियों से आज भी जूझ रही हैं।

हमारे बड़े बुजुर्ग सामान्यतः एक योग्य वर या वधू उनकी कुंडली,पढ़ाई, परिवार और बाहरी सुंदरता को ध्यान में रख कर तय करते हैं लेकिन ये सारी बातें तभी सार्थक होंगी, जब लड़का और लड़की एक दूसरे के विचार, व्यवहार और एक दूसरे की भावनाओं को समझें और सम्मान करें परंतु यह तो तभी संभव है न जब कम से कम लड़का लड़की शादी से पहले एक दूसरे को देख, समझ और जान पाएं जिसका मुख्यतः अभाव अरेंज मैरिज में पाया जाता है।

यहां परिवार और समाज अपने बच्चों को अरेंज मैरिज के द्वारा सामाजिक सुख, सुविधाएं प्रदान करता है और समय-समय पर उनकी समस्याओं को पूरा परिवार मिलजुल कर सुलझाता है क्योंकि अरेंज मैरिज का आधार ही समझौता और सामंजस्य है। यही कारण है कि लोग अरेंज मैरिज को ज्यादा लंबा और सफल मानते हैं। वहीं लव मैरिज एक दूसरे की खुशी, सम्मान, इच्छाओं और आपसी समझ पर आधारित होती है लेकिन उनकी किसी भी समस्या में उनके परिवार वालों का साथ न होना और हर वक्त परिवार के द्वारा यह एहसास दिलाया जाना कि उन्होंने जो किया वो गलत है और उनकी किसी भी समस्या में उनके साथ नहीं होंगे, एक बड़ा कारण है जिसके चलते ज्यादातर लड़के-लड़कियां चाह कर भी एक दूसरे के साथ जीवन व्यतीत नहीं कर पाते क्योंकि वे अपने परिवार से अलग होकर कोई ऐसा कदम नहीं उठाते, जिससे उनके परिवार वालों को उनकी वजह से समाज में शर्मिंदा होना पड़े।

एक सफल शादी तो वही है, जहां पर आपसी प्यार,त्याग और सम्मान हो एक दूसरे के लिए और एक दूसरे से जुड़े सभी रिश्तों के लिए हों न कि उन जबरदस्ती जोड़े हुए रिश्तों के लिए जहां हर वक्त यही सोचना पड़े कि ऐसे रिश्तों को निभाएं कैसे जिसे उन्होंने ठीक से समझा ही नहीं।

आज जैसे जैसे हमारे भारतीय समाज में लोगों ने अपने कपड़ों और रहन सहन के तरीकों में बदलाव किया है, वही परिवर्तन वे अपने बच्चों की जिंदगी, शादी जैसे बड़े फैसलों में लाएं और समझें कि अरेंज मैरिज ही आज सामाजिकता के दायरे में नहीं आती बल्कि उनके आशीर्वाद से हुई लव मैरिज भी एक सफल

# पैंतीस के बाद भी दिखें युवा

सारिका

अक्सर पैंतीस के बाद त्वचा में नमी और तेल कर कमी आने लगती है जिससे त्वचा में झुर्रियां दिखाई देनी लगती हैं। झुर्रियों से इंसान उम्र से बड़ा दिखाई देने लगता है। कोई भी नहीं चाहता कि वह अपनी उम्र से बड़ा दिखे। हर कोई युवा दिखना चाहता है। अगर हम त्वचा की देखभाल सही तरीके से करें तो हम पैंतीस के पार भी युवा दिख सकते हैं।



▲ जब भी चेहरा धोएं,उसके बाद मायश्चराइजर अवश्य लगाएं ताकि त्वचा की नमी कम न होने पाए।
▲ रात्रि में सोने से पहले विटामिन ई युक्त क्रीम से चेहरे तथा गरदन की मसाज नियमित करें।
▲ धूप में जाने से पहले खुली त्वचा पर सनस्क्रीन अवश्य लगाएं ताकि पैराबैंगनी किरणों से त्वचा का बचाव हो सके।
▲ झाइयों से बचने हेतु या कम करने के लिए संतरे के रस में खीरे का रस,चंदन पाउडर और मिल्क पाउडर का पैक तैयार कर सप्ताह में एक बार अवश्य लगाएं।
▲ मेंहदी में आंवले का पाउडर, अंडा, थोड़ा कत्था, चायपत्ती के पानी में घोलकर बालों में लगाएं। बालों में रंग अच्छा आएगा और बाल भी मुलायम रहेंगे।
▲ बालों में नियमित तेल से मालिश करें ताकि बालों की झड़ने की समस्या पर काबू पाया जा सके। शैंपू का चयन बालों की प्रकृति के अनुसार करें।
▲ इस उम्र तक आते आते नाखून भी खराब होने लगते हैं। उन्हें बचाने हेतु जैतून के तेल में नाखूनों को प्रतिदिन 10 मिनट तक डुबो कर रखें। इससे नाखून मजबूत बनेंगे और चमकदार भी। माह में एक बार अच्छे पार्लर से मेनीक्योर भी करवाएं ताकि नाखूनों की देखभाल हो सके।
▲ मौसमी फल,हरी सब्जियां, सलाद, अंडा, आंवले, दालें, दूध, दही का सेवन नियमित करें। आयरन,विटामिन व कैल्शियंम युक्त आहार लें।
▲ गरिष्ठ अधिक मसालेदार और चिकनाई युक्त भोजन का सेवन कम से कम करें।
▲ नियमित योगाभ्यास या व्यायाम से त्वचा पर बढ़ती उम्र का असर जल्दी नहीं दिखाई देता,इसलिए इनका अभ्यास नियमित करें।
▲ पानी खूब पिएं।
▲ नींद पूरी लें।
▲ मन को शांत रखने का प्रयास करें।
▲ अपनी हाबीज को पूरा करने हेतु समय अवश्य निकालें।
▲ छोटी छोटी बातों को अनदेखा करना सीखें ताकि तनावरहित रह सकें। तनाव का प्रभाव सर्वप्रथम चेहरे पर पड़ता है।

# गर्मियों में ऐसे करें मेकअप

सोनी मल्होत्रा

मेकअप से पूर्व चेहरे को फेसवाश से अच्छी तरह साफ कर लें। किसी अच्छे आयल फ्री माइश्चराइजर को चेहरे पर लगाएं। आयल फ्री इसलिए ताकि गर्मियों में आपके चेहरे पर तैलीयपन न आए क्योंकि गर्मियों में पसीना वैसे भी अधिक आता है।

❖ त्वचा के रंग से मेल खाते हुए फाउंडेशन का प्रयोग करें। इससे चेहरे के दाग धब्बे छिप जाएंगे और त्वचा की सतह एकसार हो जाएगी (गर्मियों में अगर फाउंडेशन का प्रयोग न करना चाहें तो बेशक न करें।)

❖ अब आंखों के नीचे पड़े काले धब्बों को छुपाने के लिए कंसीलर का प्रयोग करें। जहां भी कंसीलर का प्रयोग करना है वहां अंगुली की टिप्स की सहायता से इसे लगाएं और एकसार कर लें। इससे त्वचा की सतह समतल और नैचुरल लगेगी।

❖ इसके पश्चात् चेहरे पर काम्पेक्ट या लूज फेस पाउडर ब्रश या पफ की सहायता से लगाएं। अब ब्लशर का प्रयोग करें। दिन में हल्के रंग के ब्लशर का प्रयोग करें व गालों को उभारते हुए इसे गालों पर लगाएं। ब्लशर पाउडर और क्रीम दोनों रूपों में मिलते हैं पर गर्मियों में पाउडर ब्लशर का ही प्रयोग करें। अगर आप पाउडर ब्लशर का प्रयोग कर रही हैं तो इसे फेस पाउडर के बाद लगाएं और क्रीम ब्लशर को फेस पाउडर से पहले लगाएं।

❖ अब आंखों का मेकअप कीजिए। सबसे पहले आई शेडो लगाएं। पहले बेस टोन लगाएं, फिर एक ही रंग के दो शेडस लेकर हल्के रंग को ठीक भौंहों के नीचे लगाएं व गहरे रंग



को पपोटे पर लगाएं। दोनों को एकसार मिला लें। आई शेडो भी पाउडर वाला प्रयोग करें नहीं तो गर्मियों में क्रीमी आई शेडो पसीने से फैल जाएगा।

❖ अब आई लाइनर लगाएं। आप काले या भूरे रंग के वाटर प्रूफ आई लाइनर का प्रयोग करें ताकि वह फैले नहीं। आई लाइनर ब्रश द्वारा आंख के भीतरी कोने से लेकर बाहर की और पतली रेखा खींचते हुए लगाएं। पलकों पर मस्कारा लगाइए। अगर आप काजल का प्रयोग करती हैं तो सावधानी से लगाएं ताकि फैले नहीं।

❖ अब होंठों का मेकअप कीजिए। लिप पेंसिल से होंठों की आउटलाइन बनाइए। अब लूज पाउडर होंठों पर लगाएं। इससे लिपस्टिक अधिक देर तक होंठों पर टिकी रहेगी। अब ब्रश की सहायता से आउटलाइन के अन्दर लिपस्टिक लगाएं। लिपस्टिक के लिए हल्के शेडस का प्रयोग करें जिससे आपके चेहरे पर नेचुरल लगें। शाम के समय होंठों पर लिप ग्लास भी लगा सकती हैं।

❖ मेकअप को पूर्ण करती है माथे का श्रृंगार बिंदिया। लिक्विड बिंदी का प्रयोग न करें क्योंकि यह पसीने के कारण फैल सकती है। बाजार में तरह-तरह की फैन्सी बिंदिया उपलब्ध हैं। जो आपके चेहरे पर सुंदर लगे, उसे लगाएं। (उर्वशी)

# बढ़ती उम्र में अपनाएं ब्यूटी टिप्स

सनोज कुमार

यदि आप बढ़ती उम्र के कारण अपने को आकर्षणविहीन समझती हैं तो नियमित सौंदर्य उपचारों के जरिए स्वयं को आकर्षक बना सकती हैं।

❋ बढ़ती उम्र के प्रभाव को कम करने के लिए निम्न ब्यूटी टिप्स को आजमाएं।
❋ नियमित रूप में घर या जिम में जा कर थोड़ी देर एक्सरसाइज अवश्य करें।
❋ शरीर एवं त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के लिए पोषक तत्वों से परिपूर्ण भोजन करें।
❋ चेहरे पर पड़ी हल्की लकीरों को कंसीलर द्वारा छिपाएं। त्वचा की नमी बनाए रखने के लिए मास्चराइजर भी लगाएं।
❋ आँखों के आसपास रोज किसी बढ़िया कंपनी का आई कंटूर जेल या क्रीम लगाएं जो आंखों को झुर्रियों व सूजन से बचाएंगी।
❋ इस उम्र में त्वचा की क्लींजिंग, टोनिंग व मास्चरा-इजिंग पर विशेष ध्यान दें।
❋ रात को सोने से पहले नियमित चेहरे व गरदन पर एंटीरिंकल क्रीम लगा कर त्वचा की मालिश करें।
❋ त्वचा को कोमल बनाने के लिए स्नान के बाद बॉडीलोशन व बॉडीआयल का प्रयोग करें।
❋ सनबर्न के धब्बों या अन्य दाग धब्बों पर लाइट शेड का कंसीलर लगाएं।
❋ इस उम्र में शार्ट या शोल्डरलेंथ हेयर कट कराएं। केशों से संबंधित समस्याओं के बारे में अपने हेयरडेऋसर से सलाह लें।
❋ त्वचा को शुष्क होने से बचाने के लिए बॉडी ब्रशिंग करें यानी साफ्ट ब्रश से त्वचा को साफ करें जो मृत त्वचा को हटा कर शुष्कता को दूर करेगा।
❋ केशों में कलरिंग कराते समय काफी ब्राइट या काफी डार्क टोन वाले हेयरकलर का प्रयोग न करें। (उर्वशी)

# कैसा परफ्यूम चाहिए आपको?

भाषणा गुप्ता

अपने लिए ऐसे परफ्यूम का चुनाव करें जो आपकी त्वचा के अनुरूप हो यानी आप पर सूट करे। किसी दोस्त या पारिवारिक सदस्य की देखादेखी ऐसा परफ्यूम कदापि न चुनें जिसकी गंध आपको सूट न करती हो।

❖ परफ्यूम लेते वक्त इसे टैस्ट अवश्य करें।
❖ हल्का सा परफ्यूम शरीर के किसी भाग पर लगाएं व दस मिनट तक स्टोर में ही घूमें। देखें कि उसकी गंध आपको सूट करती है या नहीं।
❖ परफ्यूम अपनी कोहनी, घुटने के पिछले भाग पर, गर्दन पर तथा अन्य जोड़ों पर लगाएं।
❖ परफ्यूम को एकदम गरदन पर न लगाएं। पहले शरीर के निचले भागों पर लगाएं, फिर धीरे-धीरे ऊपर के हिस्सों पर लगाएं।
❖ परफ्यूम लगाने का अपना एक विशिष्ट ढंग होता है। पहले नहाते समय पानी में बाथ जेल डालें और फिर बाथ स्प्रे या बॉडी लोशन का प्रयोग करें। अंत में परफ्यूम लगाएं। इससे आप तरोताजा महसूस करेंगे।
❖ अधिक तेज परफ्यूम आपकी त्वचा व स्वास्थ्य को नुक्सान पहुंचा सकता है। इसकी तेज गंध आपके लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती है, अतः ऐसे परफ्यूम का प्रयोग कदापि न करें।
❖ दफ्तर जाते समय या रोजमर्रा में हल्के परफ्यूम का ही प्रयोग करें। थोड़ा अधिक गंधयुक्त परफ्यूम खास अवसरों पर ही प्रयोग में लाएं। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर

# विभिन्न प्रकार की चटनियों के स्वाद




### पपीते की चटनी

**सामग्रीः-** एक कि. ग्रा. कसा हुआ पपीता, 750 ग्रा. गुड़, 500 ग्राम सिरका, 25 ग्राम सौंफ, 25 ग्राम धनिया, 25 ग्राम पिसी मिर्च, 10 ग्राम मेथी, नमक स्वादानुसार, 1 बड़ा चम्मच गरम मसाला।

**विधिः-** सभी मसालों को मिला कर अच्छी तरह भून लें। फिर गुड़ व कसे हुए पपीते को एक बर्तन में पकाएं। जब पपीता अच्छी तरह गल जाए व उसमें पानी शेष न रहे तो नमक मिलाकर आंच से उतार लें। मटके के आकार के बर्तन में इसे रखकर सिरका डाल कर कुछ समय तक उसे धूप में रखें। ऊपर से गरम मसाला डाल दें। स्वादिष्ट चटनी तैयार है।

### सेब की चटनी

**सामग्रीः-** 1 कि. ग्रा. खट्टे सेब के टुकड़े, 750 ग्राम चीनी, 100 ग्राम छुआरा, 50 ग्राम किशमिश, 50 ग्राम अदरक, 1 बड़ा चम्मच पिसी लाल मिर्च, 10 ग्राम काली मिर्च, 10 ग्राम बड़ी इलायची, 10 ग्राम सफेद जीरा, 1 टुकड़ा दालचीनी, 250 ग्राम सिरका नमक स्वादानुसार

**विधिः-** रात को छुआरे को पानी में भिगो दें और प्रातः गुठली निकाल कर उसके गूदे को बारीक कतर लें व कुछ देर धूप में रख दें। अदरक को कद्दूकस कर लें। काली मिर्च, बड़ी इलायची, जीरा व दालचीनी को इकट्ठा कर बारीक पीस लें। सेब के टुकड़ों में थोड़ा-सा पानी डालकर पका लें। जब गल जाएं तो नमक, चीनी किशमिश व अदरक डाल दें। थोड़ा गाढ़ा होने पर सब मसाले डाल दें। फिर सिरका डालकर 5 मिनट तक पकाएं व ठंडा होने पर मर्तबान में भरकर रखें।



### टमाटर व खजूर की चटनी

**सामग्रीः-** 1 कि. ग्रा. टमाटर, 1 कि. ग्रा. खजूर, 250 ग्राम बिना बीज की इमली, 125 ग्राम सिरका, 500 ग्राम चीनी, 30 ग्राम नमक, 25 ग्राम लाल मिर्च, 50 ग्राम कद्दूकस की हुई अदरक, एक छोटा चम्मच हल्दी, 25 ग्राम जीरा, 25 ग्राम धनिया, 1 छोटा चम्मच गरम मसाला।

**विधिः-** जीरे व धनिये को भूनकर पीस लें। टमाटर और इमली को एक साथ उबालकर छान लें। खजूर को जरा-से घी में छौंक दें। उसमें टमाटर व इमली का मिश्रण डाल कर कुछ समय तक पकने दें। सभी मसाले व कद्दूकस की हुई अदरक डाल दें। थोड़ा पकने पर चीनी डाल दें। गाढ़ी होने पर सिरका व नमक डालकर तेज आंच में 5 मिनट तक पकाएं व फिर उतार लें। गरम मसाला डालकर ठंडी होने पर शीशे के मर्तबान में भरकर रख दें। यह काफी दिन तक रह सकती है।

### टमाटर, मूली की चटनी

**सामग्रीः-** 4 टमाटर, 1 बड़ी मूली, (लगभग 250 ग्राम), 2 हरी मिर्च, 4ए6 कलियां लहसुन, एक छोटा टुकड़ा अदरक, नमक स्वादानुसार, लाल मिर्च स्वादानुसार, आधा छोटा चम्मच गरम मसाला।

**विधिः-** टमाटर, मूली, हरी मिर्च, धो के पोंछ लें। फिर इन्हें काट कर रख लें। लहसुन और अदरक छील कर बारीक काट लें। मिक्सी में लहसुन, अदरक, हरी मिर्च, मूली डाल कर चलायें। जब आधा पिस जाये तो कटे हुए टमाटर डाल कर मिक्सी चलायें। जब सब चीजें एकसार मिल जायें तो मिक्सी बंद करके नमक, लाल मिर्च और गर्म मसाला डालें। एक मिनट के लिए मिक्सी चलायें ताकि मसाले उसमें अच्छी तरह से मिक्स हो जायें। तैयार है मूली, टमाटर की चटनी। (उर्वशी)

## चंद्रबाबू नायडू सरकार विरोधियों को दबाने के लिए पुलिस तंत्र का दुरुपयोग कर रही : जगन

**अमरावती:** आंध्र प्रदेश की मुख्य विपक्षी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू असहमति को दबाने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने और राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए पुलिस तंत्र को एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक रेड्डी ने हालांकि जगन मोहन के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष ने अपने शासनकाल (2019–2024) के दौरान असहमति को दबाया और विरोधियों को निशाना बनाने और आलोचकों को चुप कराने के लिए पुलिस प्रणाली को एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया।

## पुलिस ने जम्मू में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जम्मू जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर व्यापक निरीक्षण कर मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा की और सीमा सुरक्षा ग्रिड की प्रभावशीलता का आकलन किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को दौरे के दौरान, उपमहानिरीक्षक श्रीधर पाटिल ने मढ़ा भरोरे, जोगवान और पल्लनवाला में सीमा पुलिस चौकियों सहित सुदूर सीमा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में परिचालन तैयारियों, सीमा नियंत्रण उपायों और समग्र सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान पाटिल के साथ जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि डीआईजी ने तैनात कर्मियों से बातचीत की और घुसपैठ के प्रयासों का मुकाबला करने तथा क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्कता, मजबूत समन्वय एवं प्रभावी सीमा सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में जनविश्वास को मजबूत करने और स्थानीय लोगों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया।

## त्वरित गश्ती पोत 'अचल' तटरक्षक बल में शामिल किया गया

**नयी दिल्ली:** त्वरित गश्ती पोत (एफपीवी) 'अचल' को शनिवार को भारतीय तटरक्षक बल में शामिल कर लिया गया, जिससे समुद्री बल की अभियानगत क्षमताओं को मजबूती मिली है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'अचल' तटरक्षक बल के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा निर्मित किए जा रहे आठ एफपीवी की शृंखला में पांचवां है। बल के एक प्रवक्ता ने बताया कि नयी पीढ़ी के अदम्य श्रेणी के त्वरित गश्ती पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया, जो 'क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि' का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक (खरीद) ए. अनबरासु द्वारा, महानिरीक्षक टेकुर शशि कुमार, कमांडर तटरक्षक क्षेत्र (उत्तर पश्चिम), केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा जीएसएल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पोत को औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया गया।

## फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन समारोह में जलवा बिखेरेंगी नोरा फतेही

**नयी दिल्ली:** नोरा फतेही कनाडा में फीफा के मंच पर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। टोरंटो में 12 जून को होने वाले फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन समारोह में वह दुनिया के दिग्गज कलाकारों के साथ प्रस्तुति देती नजर आएंगी। फीफा विश्व कप के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शनिवार को इसकी घोषणा की गई। पोस्ट में नोरा फतेही समेत समारोह में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों के नाम साझा किए गए। नोरा टोरंटो के बीएमओ फील्ड में माइकल बुब्ले, एलानिस मॉरिसेट, एलेसिया कारा, एलियाना, जेसी रेयेज, संजॉय, वेजीट्रीम और विलियम प्रिंस के साथ मंच साझा करेंगी। नोरा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए इस खबर की पुष्टि की और इसे अपने लिए सम्मान की बात बताया। उन्होंने लिखा, अब यह आधिकारिक हो चुका है! मुझे गर्व है कि मैं एक बार फिर इतिहास के सबसे बड़े फीफा विश्व कप का हिस्सा बनने जा रही हूं। हम पूरी तरह तैयार हैं...।

# हरियाणा से बंगाल तक : मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद नौ राज्यों में पहली बार बने भाजपा के मुख्यमंत्री

## 2014 के बाद भाजपा का लगातार बढ़ा राजनीतिक विस्तार

**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में शानदार जीत दर्ज करते हुए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के 15 साल के शासन का अंत कर दिया और इसके साथ ही 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा ने नौ राज्यों में पहली बार मुख्यमंत्री पद हासिल किया है। यह सफर 2014 में हरियाणा और महाराष्ट्र से शुरू हुआ। इसके बाद असम (2016), अरुणाचल प्रदेश (2016), मणिपुर (2017), त्रिपुरा (2018), ओडिशा (2024), बिहार (2026) और अब पश्चिम बंगाल में पार्टी ने पहली बार मुख्यमंत्री पद प्राप्त किया। हरियाणा में भाजपा ने पहली बार अपने दम पर सरकार बनायी और मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद भाजपा ने महायुति गठबंधन के सहयोगियों के साथ सरकार बनायी और देवेंद्र फडणवीस राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने। भाजपा ने 2016 में पूर्वोत्तर में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए असम में जीत दर्ज की, जहां सर्बानंद सोनोवाल राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री बने। तब से भाजपा असम में लगातार सत्ता में बनी हुई है और अप्रैल में हुए चुनाव सहित लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत चुकी है। उसी वर्ष 2016 में भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में बड़े राजनीतिक पुनर्गठन के बाद अपनी पहली पूर्ण सरकार बनाई। जुलाई 2016 में कांग्रेस नेता पेमा खांडू लंबे राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री बने, लेकिन सितंबर में वह और कांग्रेस के अधिकतर विधायक भाजपा के सहयोगी दल 'पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल' (पीपीए) में शामिल हो गए। कुछ महीनों बाद दिसंबर 2016 में खांडू 33 विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए, जिससे पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला और राज्य में उसकी पहली स्थिर सरकार बनी। भाजपा ने 2017 में मणिपुर में चुनाव के बाद नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी), नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) और अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ



गठबंधन कर सरकार बनाई और एन. बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री बनाया। भारतीय जनता पार्टी ने 2018 में त्रिपुरा में वाम मोर्चे के दशकों पुराने शासन को समाप्त कर बिप्लव कुमार देव के नेतृत्व में अपनी पहली सरकार बनाई। उसने 2024 में पूर्वी भारत में एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) को हराया। यहां मोहन चरण माझी राज्य के भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने और नवीन पटनायक का 24 साल का शासन समाप्त हुआ। बिहार में भाजपा लंबे समय से नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों का हिस्सा रही, लेकिन अपने मुख्यमंत्री के लिये उसे यहां 2026 तक इंतजार करना पड़ा। दो दशकों से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने के बाद नीतीश कुमार ने इस वर्ष इस्तीफा देकर राज्यसभा का रुख किया। उनके पद छोड़ने के बाद सम्राट चौधरी के रूप में राज्य को भाजपा से पहला मुख्यमंत्री मिला। हालिया चुनावों में पश्चिम बंगाल में जीत के साथ भाजपा ने अब उस राज्य में भी सरकार बना ली है जिसे लंबे समय तक पार्टी के लिए राजनीतिक रूप से दुर्गम माना जाता था। पार्टी ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 207 सीटें जीतीं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पार्टी का विस्तार उसके सुशासन मॉडल और देशभर में बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राजग ने सुशासन, प्रदर्शन और वादों को पूरा करने के आधार पर पूरे देश में अपना राजनीतिक विस्तार किया है। जिन राज्यों में पहले कभी भाजपा सरकार या भाजपा मुख्यमंत्री नहीं रहा, वहां भी मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा सरकारें चुनी गईं।'' पूनावाला ने पूर्वोत्तर भारत में भाजपा के उभार को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्रीय असंतुलन दूर होगा। उन्होंने कहा, ''इससे कांग्रेस शासन के दौरान पूर्वोत्तर भारत को झेलनी पड़ी ऐतिहासिक उपेक्षा और असंतुलन को दूर करने में मदद मिलेगी तथा संतुलित विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।'' उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसका राजनीतिक दायरा सिमट रहा है, जबकि भाजपा-राजग लगातार विस्तार कर रहे हैं। पूनावाला ने कहा, ''आज भाजपा-राजग की देशभर में लगभग 21-22 सरकारें हैं। गठबंधन का शासन देश की करीब 78 प्रतिशत आबादी और लगभग 72 प्रतिशत भूभाग तक फैला हुआ है।' भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन ए. सिन्हा ने पार्टी के विस्तार को उसके राजनीतिक सफर का 'स्वर्णिम दौर' बताया। उन्होंने कहा, 'यह भाजपा की यात्रा का स्वर्णिम चरण रहा है, क्योंकि हमने उन भौगोलिक क्षेत्रों में प्रवेश किया है जिन्हें कभी पार्टी के लिए अभेद्य या बेहद कठिन माना जाता था।' सिन्हा ने भाजपा के उभार का श्रेय सरकार के फैसलों और चुनावी वादों को पूरा करने को दिया। उन्होंने कहा, 'चाहे अनुच्छेद 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करना हो या राम मंदिर का निर्माण, भाजपा ने दिखाया है कि वह अपने वादे पूरे करती है। यही कारण है कि जो राज्य कभी भाजपा के प्रभाव से अछूते थे, वे अब पार्टी को स्वीकार कर रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया कि अब भाजपा की देश के अधिकतर हिस्सों में मजबूत मौजूदगी है।

## रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भारत की भावना को मजबूत किया : हिमंत शर्मा

**गुवाहाटी:** असम के निवर्तमान मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने देश की भावना को मजबूत किया जिसकी गूंज आज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। शर्मा ने कहा कि टैगोर का योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा और प्रबुद्ध समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। टैगोर की जयंती 'पोचिशे बोइशाख' यानी बांग्ला महीने बोइशाख के 25वें दिन मनाई जाती है। इसे रवीन्द्र जयंती के रूप में जाना जाता है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने न केवल हमारे साहित्य और संस्कृति को समृद्ध किया बल्कि भारत की भावना को भी मजबूत किया जिसकी गूंज बाद में पूरी



दुनिया में सुनाई दी।'' उन्होंने कहा, ''इस महान विभूति को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं, जिनके शाश्वत विचार एवं योगदान पीढ़ियों को प्रेरित करते रहे हैं और प्रबुद्ध समाज का मार्ग प्रशस्त करते रहे हैं।'' टैगोर का जन्म बांग्ला पंचांग के अनुसार 25 बोइशाख 1268 को हुआ था। ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार यह तारीख सात मई 1861 थी।

## केरल में मुख्यमंत्री पद पर फैसला अगले 24 घंटे में हो सकता है : कांग्रेस नेता मुरलीधरन

**तिरुवनंतपुरम/नयी दिल्ली:** केरल में मुख्यमंत्री पद के तीन प्रमुख दावेदारों के समर्थकों द्वारा लामबंदी और सार्वजनिक प्रचार किये जाने के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने शनिवार को कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अगले 24 घंटे के भीतर राज्य के नए मुख्यमंत्री के बारे में अंतिम फैसला लिया जा सकता है। केरल विधानसभा चुनाव में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की भारी जीत के बाद वरिष्ठ नेताओं वी डी सतीशन, रमेश चेन्निथला और के सी वेणुगोपाल के समर्थकों ने अपने-अपने नेताओं को मुख्यमंत्री बनाने के लिये पोस्टर लगाए, प्रदर्शन किये और पार्टी के अंदर लामबंदी तेज कर दी है। मुरलीधरन ने संवाददाताओं से कहा, ''दिल्ली से जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर चर्चा अगले 24 घंटे में पूरी हो जाएगी।'' उन्होंने कहा कि जनता में उत्साह जरूर है, लेकिन केवल 'फ्लेक्स बोर्ड' और रैलियों के आधार पर नेतृत्व तय नहीं होगा। मुरलीधरन ने कहा, 'मैंने आलाकमान के प्रतिनिधियों से क्या कहा, यह सार्वजनिक नहीं करूंगा। मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की भावनाएं उन्हें बता दी हैं। जनता ने जो राय व्यक्त की, उसे स्पष्ट रूप से उनके सामने रखा गया।' उन्होंने कहा, उचित समय पर निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री के चयन में वरिष्ठता एकमात्र मानदंड नहीं है। पार्टी ने हमेशा इस मापदंड का पालन नहीं किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' के 45वें स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल

**बेंगलुरु:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 मई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 'आर्ट ऑफ लिविंग' के 45वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि श्री श्री रवि शंकर ने 1981 में 'आर्ट ऑफ लिविंग' की स्थापना की थी। दुनिया के 182 देशों में सक्रिय 'आर्ट ऑफ लिविंग' एक वैश्विक स्वयंसेवी मानवतावादी और शैक्षणिक संगठन बन चुका है। अधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री सुबह करीब नौ बजे एचएएल हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और इसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में शामिल होंगे। एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी रविवार 10 मई को पूर्वाह्न करीब 11 बजे 'आर्ट ऑफ लिविंग' के 45वें स्थापना दिवस समारोह तथा गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिन समारोह में शामिल होंगे। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री बेंगलुरु स्थित 'आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर' में नवनिर्मित 'ध्यान मंदिर' का उद्घाटन भी करेंगे। यह ध्यान केंद्र आंतरिक शांति और समग्र कल्याण के लिए समर्पित स्थल के रूप में विकसित किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री 'आर्ट ऑफ लिविंग' की राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों की भी शुरुआत करेंगे।

## पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' में वस्तुओं को सूचीबद्ध करने का काम 11 मई को फिर से शुरू होगा

**पुरी:** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने शनिवार को बताया कि पुरी मंदिर के रत्न भंडार में मौजूद वस्तुओं को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया 11 मई से फिर से शुरू होगी और ओडिशा सरकार द्वारा मंजूर मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करते हुए दो दिनों तक जारी रहेगी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने बताया कि भगवान की चंदन यात्रा के कारण रत्न भंडार में वस्तुओं को सूचीबद्ध करने के प्रक्रिया कुछ दिनों के लिए रोक दी गई थी। पाधी ने कहा, चूंकि चंदन यात्रा रविवार को समाप्त हो रही है, इसलिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करते हुए 11 और 12 मई को रत्न भंडार में मौजूद वस्तुओं को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार की मंजूरी के बाद 48 वर्षों के अंतराल के बाद 25 मार्च, 2026 को 12वीं शताब्दी के रत्न भंडार में मौजूद वस्तुओं को सूचीबद्ध करने का कार्य शुरू हुआ था। एक अधिकारी ने बताया, चलंती भंडार (दैनिक उपयोग के आभूषण) और 'बाहर भंडार' (त्यौहारी के दौरान पहने जाने वाले आभूषण) में रखे आभूषणों व कीमती वस्तुओं की सूची अब तक पूरी हो चुकी है जबकि 'भीतर भंडार' (आंतरिक कक्ष, जहां कीमती वस्तुएं रखी जाती हैं) में मौजूद वस्तुओं की गिनती जारी है। चंदन यात्रा के कारण इसे अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।

# वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन अगले नौसेना प्रमुख नियुक्त

**नयी दिल्ली:** वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को शनिवार को भारत का अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया। वह एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे जो 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। वाइस एडमिरल स्वामीनाथन फिलहाल पश्चिमी नौसेना कमान के 'फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। नौसेना प्रमुख के रूप में उनका ध्यान सैन्यबल के जारी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रहने की संभावना है। फ्लैग ऑफिसर एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे और वह संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला के विशेषज्ञ हैं। वह खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), ब्रिटेन के श्री-



वेनहैम स्थित 'ज्वाइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज', कारंजा स्थित नौसेना युद्ध महाविद्यालय और न्यूपोर्ट स्थित 'यूएस नेवल वार कॉलेज' के पूर्व छात्र हैं। परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित एडमिरल ने अपने नौसैन्य करियर में अभियान, स्टाफ और प्रशिक्षण संबंधी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। वह मिसाइल पोत आईएनएस विद्युत और आईएनएस विनाश, मिसाइल कॉर्वेट आईएनएस कुलिश, निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मैसूर और विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य की कमान भी संभाल चुके हैं। रियर एडमिरल के रूप में पदोन्नति के बाद उन्होंने कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसैन्य कमान मुख्यालय में मुख्य स्टाफ अधिकारी (प्रशिक्षण) के रूप में सेवाएं दीं।

# तमिलनाडु में सरकार बनाने का रास्ता साफ: राज्यपाल से मिले विजय, आज सुबह 10 बजे लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ



### टीवीके को समर्थन राष्ट्रपति शासन को रोकने, विजय को सरकार बनाने में मदद के लिए है: वीसीके प्रमुख

विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) प्रमुख थोल थिरुमावलवन ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी तमिलनाडु में राष्ट्रपति शासन लागू होने को रोकने और तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को मिले जनादेश का सम्मान करते हुए सरकार गठन में विजय की पार्टी का समर्थन करेगी। थिरुमावलवन ने कहा कि सरकार गठन में व्याप्त अनिश्चितता के कारण, विशेष रूप से टीवीके के पास अकेले सरकार बनाने के लिए साधारण बहुमत न होने और किसी अन्य राजनीतिक दल के 118 सीटों के जादुई आंकड़े के करीब न होने के चलते टीवीके के सरकार बनाने के प्रयासों में उसका समर्थन करना आवश्यक था। टीवीके के महासचिव अधव अर्जुन को समर्थन पत्र सौंपने के कुछ ही घंटों बाद, वीसीके के संस्थापक ने कहा कि उनकी पार्टी का निर्णय वामपंथी दलों के निर्णय के अनुरूप है। थिरुमावलवन ने प्रेस वार्ता में कहा, 'हमारे रुख के कारण द्रमुक के साथ हमारे संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे विजय को सरकार बनाने में मदद मिलेगी और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने से भी रोका जा सकेगा।'

**नई दिल्ली:** तमिलनाडु की राजनीति में पिछले कई दिनों से चल रही उथल-पुथल मची अब पूरी तरह से खत्म हो गई है। टीवीके के प्रमुख सी. जोसेफ विजय कल राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं। सबसे बड़ी पार्टी के नेता के रूप में विजय ने शनिवार को चेन्नई के लोक भवन में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने 234 सदस्यों वाली विधानसभा में 120 विधायकों के मजबूत समर्थन के साथ सरकार बनाने का अपना दावा आधिकारिक तौर पर पेश कर दिया। इस घटनाक्रम के बाद अब नई सरकार के शपथ ग्रहण की भव्य तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह सुबह ठीक 10 बजे चेन्नई के मशहूर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस खास और ऐतिहासिक मौके पर केवल विजय ही अकेले शपथ नहीं लेंगे, बल्कि उनके साथ उनकी नई कैबिनेट के 9 अन्य विधायक भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण कर सकते हैं।

### जादुई आंकड़ा जुटाने में लगे कई दिन

तमिलनाडु में अपनी सरकार बनाने और बहुमत का आंकड़ा साबित करने के लिए टीवीके प्रमुख विजय को काफी जद्दोजहद और कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। सरकार बनाने का यह जादुई आंकड़ा जुटाने के लिए पिछले महज चार दिनों के भीतर राज्यपाल के साथ उनकी यह लगातार चौथी अहम मुलाकात थी। जब तक सदन में पूर्ण बहुमत का आंकड़ा पार नहीं हुआ था, तब तक राज्य में यह अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अंततः शनिवार, नौ मई 2026 को जब राजनीतिक दल वीसीके और आईयूएमएल ने टीवीके को अपना बिना शर्त और पूरा समर्थन दे दिया, तब जाकर विजय का रास्ता पूरी तरह से साफ हुआ। समर्थन पक्का होने के तुरंत बाद ही विजय बिना कोई देरी किए सीधा राज्यपाल के पास पहुंचे और 120 विधायकों के समर्थन के साथ सरकार बनाने का अपना पुख्ता दावा पेश कर दिया।

# ईडी ने पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को पीएमएलए के नए मामले में गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली/चंडीगढ़:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई मंत्री और उनसे कथित रूप से जुड़ी कुछ संस्थाओं के खिलाफ दर्ज धनशोधन के नए मामले में की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संजीव अरोड़ा को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया। इससे पहले शनिवार सुबह से चंडीगढ़ स्थित अरोड़ा के सरकारी आवास पर छापेमारी की गई थी। अधिकारियों का दावा है कि 62 वर्षीय अरोड़ा जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। अरोड़ा को शनिवार को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विस्तृत पूछताछ के



लिए उनकी हिरासत की मांग करेगा। ईडी ने इस कार्रवाई के तहत उत्तर भारत में पांच परिसर पर छापेमारी की। छापेमारी में दिल्ली के दो परिसर और गुरुग्राम के उद्योग विहार में स्थित हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड नामक कंपनी का परिसर भी शामिल था। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत नया मामला दर्ज करने के बाद ये छापेमारी शुरू की। ईडी ने 17 अप्रैल को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत अरोड़ा और उनसे जुड़ी इकाइयों के परिसरों पर छापे मारे थे। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत एजेंसी ने 19 अप्रैल को हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड, उसके निदेशक संजीव अरोड़ा और उनसे जुड़ी इकाइयों की चल एवं अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की थीं। इन पर फर्जी बिक्री और निर्यात के जरिए विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) का उल्लंघन करके 157.12 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का आरोप है। अरोड़ा (62) लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक हैं।

## भारत आगामी शिखर सम्मेलन में अफ्रीका के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करेगा

**नयी दिल्ली:** भारत 31 मई को एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में अफ्रीका महाद्वीप के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पेश करने जा रहा है, जो मुख्य रूप से बढ़ते भू-राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले चौथे 'भारत-अफ्रीका फोरम समिट' में कई अफ्रीकी देशों के शीर्ष नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था और व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, रक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और उच्च प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

## त्रिपुरा: बीएसएफ ने दो संदिग्ध बांग्लादेशी तस्करों को किया ढेर, शव परिजनों को सौंपे

**अगरतला :** त्रिपुरा के सेपाहिजाला जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने दो संदिग्ध बांग्लादेशी तस्करों को मार गिराया और शनिवार को उनके शव अधिकारियों की उपस्थिति में कमलासागर सीमा चौकी के माध्यम से उनके परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात को नियमित गश्त के दौरान बीएसएफ जवानों ने पथरियाद्वार गांव में 15 बांग्लादेशी लोगों के एक समूह को मछली की तस्करी करते हुए देखा। मधुपुर थाना प्रभारी उज्ज्वल चौधरी ने बताया, रोकने पर तस्करों ने बीएसएफ जवानों पर पथराव शुरू कर दिया और आत्मरक्षा में जवानों ने गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप दो संदिग्ध जमीन पर गिर पड़े। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के जवानों को गोली लगने से घायल दो व्यक्ति मिले और वे उन्हें पास के अस्पताल ले गए, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया, पोस्टमॉर्टम के बाद अधिकारियों की उपस्थिति में सभी द्विपक्षीय प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कमलासागर सीमा चौकी के अंतर्गत एक स्थान पर संदिग्ध तस्करों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए।

## न्याय को सर्व सुलभ बनाने के लिए कानूनी सहायता, कल्याणकारी योजनाओं में समन्वय हो: प्रधान न्यायाधीश

**नोंगपोह (मेघालय):** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अंतिम छोर तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सहायता और कल्याणकारी योजनाओं के समन्वय की आवश्यकता पर शनिवार को जोर दिया। मेघालय के री भोई जिले में एक जागरूकता शिविर का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के प्रमुख संरक्षक न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच, शैक्षिक सहायता, आजीविका के अवसर और पुनर्वास सहायता को ऐसे शिविरों के माध्यम से एक साथ लाया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे। मेघालय उच्च न्यायालय और मेघालय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एमएसएलएसए) द्वारा राज्य सरकार के साथ साझेदारी में, री भोई जिले के मारनगर में दूरियों को पाटना विषय के तहत एनएएलएसए योजनाओं और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं पर एक विशाल शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी हितधारकों से न्याय तक



पहुंच को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह करते हुए कहा, यह बहुत जरूरी है कि सरकारी विभागों, संगठनों और कानूनी संस्थानों द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली ये सभी कल्याणकारी योजनाएं एक ही छत के नीचे सभी के लिए उपलब्ध हों। प्रधान न्यायाधीश ने जमीनी स्तर पर कानूनी सेवाएं प्रदान करने में अर्ध-न्यायिक स्वयंसेवकों की भूमिका को भी स्वीकार किया और उनकी भर्ती को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने मेघालय की अनूठी पारंपरिक प्रथाओं की सराहना करते हुए, पारंपरिक न्याय प्रणालियों को संवैधानिक ढांचे के साथ सरेखित करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

## राजग सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता दर्शाती हैं: मोदी

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं भारत के लोगों के जीवन में गरिमा, भरोसा और वित्तीय सुरक्षा लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। मोदी ने कहा कि आज से 11 साल पहले इसी दिन राजग सरकार द्वारा प्रमुख सामाजिक सुरक्षा और पेंशन योजनाओं की शुरुआत की गई थी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ये भारत के लोगों के जीवन में गरिमा, भरोसा और वित्तीय सुरक्षा लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।'' मोदी ने कहा कि पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना और पीएम सुरक्षा बीमा योजना का जमीनी स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री द्वारा 9 मई, 2015 को शुरू की गईं जनसुरक्षा योजनाओं - प्रधानमंत्री



जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) का उद्देश्य सभी को, विशेष रूप से समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को किफायती वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। इन प्रमुख योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों को जीवन की अनिश्चितताओं से बचाकर और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देकर बीमा तथा पेंशन परिदृश्य को व्यापक बनाना है।

## मोहन बागान और एफसी गोवा ने 1-1 से ड्रॉ खेला

**मडगांव :** एफसी गोवा और मोहन बागान सुपर जायंट के बीच शनिवार को खेला गया इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों के बीच बेहद कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जहां मोहन बागान के लिए जेमी मैकलेरन ने 55वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके कुछ ही देर बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान में उतरे रोनी विल्सन खरबुडोन ने 67वें मिनट में गोल दागकर एफसी गोवा को बराबरी दिला दी। इस ड्रॉ के साथ दोनों टीमों ने अंक साझा किए। मुकाबले में मोहन बागान ने गेंद पर ज्यादा नियंत्रण बनाए रखा, जबकि एफसी गोवा ने तेज़ जवाबी हमलों के जरिए दबाव बनाने की कोशिश की। एफसी गोवा के गोलकीपर बॉब जैक्सन को शानदार और आत्मविश्वास भरे प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इस परिणाम के बाद मोहन बागान सुपर जायंट 10 मैचों में 21 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया, जबकि एफसी गोवा 20 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है।


# रॉयल्स पर 77 रन की जीत से टाइटंस ने बढ़ाया प्लेऑफ की ओर कदम

**जयपुर :** कप्तान शुभमन गिल की विस्फोटक बल्लेबाजी और राशिद खान की घातक गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 77 रन से हराकर प्लेऑफ की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। लगातार चौथी जीत दर्ज करने वाली गुजरात की टीम अब 11 मैचों में 14 अंक लेकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं राजस्थान रॉयल्स पांचवीं हार के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गई।पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने चार विकेट पर 229 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस सत्र में टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। कप्तान शुभमन गिल ने बाएं पैर में दर्द के बावजूद शानदार बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों पर 84 रन बनाए। उनकी पारी में नौ चौके



और तीन छक्के शामिल रहे। साई सुदर्शन ने भी 36 गेंदों पर 55 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 118 रन जोड़कर टीम को धमाकेदार शुरुआत दिलाई।अंतिम ओवरों में वॉशिंगटन सुंदर ने 20 गेंदों पर नाबाद 37 रन और राहुल तेवतिया ने सिर्फ चार गेंदों पर नाबाद 14 रन बनाकर टीम को 229 रन तक पहुंचाया। राजस्थान की ओर से बृजेश शर्मा ने दो विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत तेज रही। वैभव सूर्यवंशी ने 16 गेंदों पर 36 रन बनाकर आक्रामक अंदाज दिखाया, जबकि ध्रुव जुरेल ने 24 और रविंद्र जडेजा ने 38 रन का योगदान दिया। हालांकि नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई।गुजरात के लिए राशिद खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 33 रन देकर चार विकेट झटके और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने ध्रुव जुरेल, डोनोवा फरेरा, शुभम दुबे और रविंद्र जडेजा को आउट कर राजस्थान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जेसन होल्डर ने तीन और कागिसो रबाडा ने दो विकेट लेकर गुजरात की जीत सुनिश्चित की।राजस्थान की पूरी टीम 16.3 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। इस जीत से गुजरात का नेट रन रेट भी बेहतर हुआ और टीम ने प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली।

## डब्ल्यूएफआई ने विनेश को नोटिस जारी किया, 26 जून तक खेल नहीं सकती



### नोटिस का मजबूती से जवाब देंगी विनेश

विनेश फोगाट ने शनिवार को संकेत दिए कि वह भारतीय कुश्ती महासंघ की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस का मजबूती से जवाब देंगी। डब्ल्यूएफआई ने विनेश पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाते हुए विस्तृत नोटिस जारी किया है। साथ ही, महासंघ ने उन्हें 26 जून तक घरेलू प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएफआई के अनुसार, विनेश ने संन्यास से वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के एंटी-डोपिंग नियमों के तहत अनिवार्य छह महीने की नोटिस अवधि पूरी नहीं की। इसका मतलब है कि दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पहलवान को प्रतिस्पर्धी वापसी के लिए अभी और इंतजार करना होगा।

**नयी दिल्ली :** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शनिवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी के लिये छह महीने का अनिवार्य नोटिस नहीं देने के कारण 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में उनके भाग लेने पर रोक लगा दी। इसके मायने हैं कि दो बार विश्व चैम्पियनशिप की पदक विजेता रही विनेश को वापसी के लिये इंतजार करना होगा। वह गोंडा में रविवार से शुरू हो रही राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करना चाहती थी। पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिस्पर्धा से अयोग्य करार दिये जाने के बाद उन्होंने कुश्ती को अलविदा कह दिया था। पंद्रह पन्ने के नोटिस में डब्ल्यूएफआई ने आरोप लगाया कि विनेश के आचरण से पेरिस में भारतीय कुश्ती की छवि धूमिल हुई है और डब्ल्यूएफआई संविधान के प्रावधानों, यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय कुश्ती के नियमों और डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ है। इससे पहले विनेश ने डब्ल्यूएफआई पर आरोप लगाया था कि उसे गोंडा में टूर्नामेंट में भाग लेने से रोका जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा था कि डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत करने वाले छह खिलाड़ियों में से वह एक थी। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि वाडा के नियमों का पालन करना अनिवार्य है और अब अपनी पात्रता साबित करने की जिम्मेदारी विनेश की है। महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा ,'' हमें देखना होगा कि वाडा के नियमों का पालन किया गया है या नहीं। यह साबित नहीं हुआ है कि उन्होंने संन्यास से वापसी के लिये अनिवार्य शर्तें पूरी की है। उन्हें दोबारा खेलने से पहले छह महीने का अनिवार्य नोटिस पूरा करना होगा।''

## अनुकूल रॉय गेंदबाजी के साथ बल्ले से भी देना चाहते है प्रभावी योगदान

**कोलकाता :** अनुकूल रॉय ने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए इस सत्र में धीरे-धीरे लेकिन बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए खुद को टीम के अहम खिलाड़ियों में शामिल कर लिया है। टीम ने भी अनुकूल की बढ़ती भूमिका के साथ खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बाएं हाथ के इस झारखंड के हरफनमौला ने पथुम निसंका और ट्रिस्टन स्टब्स के अहम विकेट चटकाए और 31 रन देकर दो विकेट हासिल किए। केकेआर ने 143 रन के लक्ष्य को महज 14.2 ओवर में हासिल कर लगातार चौथी जीत दर्ज की और प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत कर लीं। अनुकूल ने अपनी स्पिन गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है, लेकिन वह बल्लेबाजी में भी और बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और मध्यक्रम में अधिक जिम्मेदारी लेना चाहते हैं। इस 27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 'पीटीआई' को दिये साक्षात्कार में कहा कि वह दोनों




भूमिकाओं के लिए खुद को समान रूप से तैयार रखते हैं और जरूरत पड़ने पर योगदान देने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा, अगर टीम पहले बल्लेबाजी करे तो मैं ज्यादा से ज्यादा रन जोड़ने की कोशिश करता हूं और गेंदबाजी करते समय रन रोकने और विकेट लेने पर ध्यान देता हूं, जिससे टीम का दबदबा बना रहे। 2018 की अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रह चुके अनुकूल ने उस टूर्नामेंट में 14 विकेट लिए थे और संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। उस टीम में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा भी शामिल थे। आईपीएल से पहले उन्होंने झारखंड के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने 303 रन और 18 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रिंकू सिंह के साथ उनकी साझेदारी और पारी के अंत में खेली गई उपयोगी पारी भी टीम के लिए अहम साबित हुई थी। उस मुकाबले में उन्होंने 16 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए थे। अनुकूल ने माना कि उन्हें नंबर छह या सात नंबर पर बल्लेबाजी करना सबसे पसंद है और वह फिनिशर की भूमिका में सहज महसूस करते हैं, लेकिन टीम की जरूरत के अनुसार ऊपर खेलने के लिए भी तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा, आम तौर पर केकेआर में मुझे स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी के लिए भेजा जाता है, लेकिन अभी तक बल्ले से मेरा प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।

## प्लेऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए एलएसजी से भिड़ेगा सीएसके

**चेन्नई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के निर्णायक दौर में पहुंच चुके मुकाबलों के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत दर्ज कर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। अंकतालिका में छठे स्थान पर मौजूद सीएसके के लिए यह मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है।पांच बार की चैंपियन सीएसके का प्रदर्शन इस सत्र में उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम ने घरेलू और बाहर दोनों मैदानों पर निरंतरता नहीं दिखाई, लेकिन चेपॉक में वापसी से उसे लय हासिल करने की उम्मीद होगी। दूसरी ओर एलएसजी 10 मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है और उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें बेहद कमजोर हो चुकी हैं।सीएसके की बल्लेबाजी काफी हद तक संजू सैमसन पर निर्भर रही है। सैमसन ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 87 रन की शानदार पारी खेली थी। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी हाल के मैचों में फॉर्म में लौटे हैं। टीम को



डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे और जेमी ओवरटन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।गेंदबाजी में अकील हुसैन और नूर अहमद की स्पिन जोड़ी चेपॉक की पिच पर अहम भूमिका निभा सकती है। महेंद्र सिंह धोनी अभी चोट से उबर रहे हैं और उनकी वापसी पर संशय बना हुआ है।एलएसजी के लिए मिचेल मार्श सबसे बड़ी उम्मीद होंगे, जिन्होंने पिछले मैच में आरसीबी के खिलाफ 111 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। कप्तान ऋषभ पंत का खराब फॉर्म टीम की चिंता बना हुआ है। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, शाहबाज अहमद और दिग्वेश राठी पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

## भारत की नौ अंडर-15 मुक्केबाज फाइनल में

**ताशकंद :** भारत की अंडर-15 मुक्केबाजों ने शनिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ वजन वर्गों के फाइनल में जगह बनाई। अक्षिता ने 30-33 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की अयाजान मरात के खिलाफ आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से शानदार जीत दर्ज की। अंजी (37 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की सरविनोज रिस्कुलोवा पर 5-0 की शानदार जीत के साथ भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रखा जबकि सोनिया (40 किग्रा) ने भी कजाकिस्तान की डायना मेंडिगारायेवा के खिलाफ 5-0 की शानदार जीत हासिल की। तन्वी ने 43 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की सेजिम नूरलुबेक के खिलाफ आरएससी से जीत हासिल की। हंसिका अत्री (46 किग्रा) ने कोरिया की युहुई चेओन को आरएससी से हराया। सुनैना (58



किग्रा) ने भी कजाखस्तान की अर्दक अब्दिखान पर आरएससी से जीत दर्ज की। भूमिका ने 61 किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे की चियाओ-यिंग चांग के खिलाफ आरएससी से जीत हासिल की। तन्वी (64 किग्रा) ने कजाखस्तान की यास्मीन जौतखानोवा को 4-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि 35 किग्रा वर्ग में जिया कड़ी टक्कर के बावजूद किर्गिस्तान की मलिका मोल्दोगाजिवा से 1-4 से हार गईं। खुशी राणा 49 किग्रा में उज्बेकिस्तान की जेबिनिसो अब्दुल्लायेवा से 0-5 से हार गईं जबकि कनिश्का (52किग्रा) भी कजाखस्तान की सामल टोलेपबर्गेन से 0-5 से हार गईं। आश्वी (67 किग्रा) कजाखस्तान की नर्गुल साखी से आरएससी से पराजित हो गईं जबकि मानवी (70 किग्रा से अधिक) उज्बेकिस्तान की जहरो डेनियोरोवा से 0-5 से हार गईं।

## एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 30 देश के खिलाड़ी लेंगे भाग

**अहमदाबाद :** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने शनिवार को बताया कि विश्व और ओलंपिक पदक विजेताओं सहित 30 देशों के खिलाड़ी 11 से 17 मई तक गांधीनगर में आयोजित होने वाली 2026 एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि भारत की स्टार भारोत्तोलक और ओलंपिक रजत पदक विजेता साइखोम मीराबाई चानू चोट के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगी। इस आयोजन में भारत सहित 28 एशियाई देशों के भारोत्तोलक हिस्सा लेंगे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ी भी अतिथि देश के तौर पर प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगे। यादव ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह महाद्वीपीय चैंपियनशिप गांधीनगर के 'महात्मा मंदिर कन्वेंशन एंड एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित की जाएगी और यह ग्लासगो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगी।

## अनीश ने सुरेंद्र सिंह स्मृति निशानेबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**नयी दिल्ली :** रेलवे के ओलंपियन अनीश भानवाला ने शनिवार को यहां आयोजित 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहने वाले अनीश ने फाइनल में 31 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने 28 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया, जबकि पंजाब के विजयवीर सिद्धू ने शूट-ऑफ के बाद 25 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। जूनियर पुरुष वर्ग की स्पर्धा में मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने 28 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरियाणा के समीर गुलिया ने 27 अंक के साथ रजत पदक जीता, जबकि चंडीगढ़ के यूनिश होलिंडर ने 20 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।




# भारत-ईयू साझेदारी बेहद मजबूत, मोदी का 'यह युद्ध का युग नहीं' संदेश यूरोपीय मूल्यों के अनुरूप: राजदूत

**नयी दिल्ली :** यूरोपीय संघ (ईयू) के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी असीमित, महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील है तथा दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को गुणात्मक और रणनीतिक दृष्टि से पूरी तरह नए स्तर पर पहुंचा दिया है। डेल्फिन ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाला संदेश यूरोप के मूल्यों और पहचान के साथ गहराई से मेल खाता है। उन्होंने करीब साढ़े तीन महीने पहले आयोजित भारत-ईयू शिखर




सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि प्रतीकात्मकता, सार्थकता और रणनीतिक महत्व के मेल से ऐतिहासिक परिणाम सामने आए। डेल्फिन ने कहा, ''हमने अपने संबंधों को गुणात्मक और रणनीतिक दृष्टि से पूरी तरह नए स्तर पर पहुंचा दिया है। भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी असीमित, महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील है।'' उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियां दोनों पक्षों के नेताओं के बीच राजनीतिक विश्वास और प्रतिबद्धता के बिना संभव नहीं थीं। यूरोप दिवस समारोह के दौरान डेल्फिन ने कहा कि अगले पांच वर्षों के लिए संयुक्त रणनीतिक एजेंडा, महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता का समापन, सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर और आवागमन संबंधी व्यापक ढांचे को अंतिम रूप देना शिखर सम्मेलन की प्रमुख उपलब्धियां रहीं।

## सैमसंग ने भारत में अपने प्रमुख नवाचार, शिक्षा कार्यक्रम के पांचवें संस्करण की शुरुआत की

**नयी दिल्ली :** दक्षिण कोरिया की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने शुक्रवार को भारत में अपने प्रमुख नवाचार और शिक्षा कार्यक्रम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो' के पांचवें संस्करण को शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह कार्यक्रम भारत की अगली पीढ़ी के युवा नवोन्मेषकों को वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी आधारित उपाय विकसित करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2026 के संस्करण में शीर्ष चार विजेता टीमों को दो करोड़ रुपये तक का 'इनक्यूबेशन' अनुदान दिया जाएगा, जिससे वे अपने विचारों को आगे विकसित कर सकें। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में इनक्यूबेशन सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, शीर्ष 20 टीमों को 20 लाख रुपये तथा उसके बाद शीर्ष 40 टीमों को आठ लाख रुपये के साथ सैमसंग के उपकरण और मेंटरशिप सहायता दी जाएगी। सैमसंग अध्यक्ष (दक्षिण पश्चिम एशिया) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जे बी पार्क ने कहा, 2026 संस्करण के साथ हम नवाचार को भारत के अधिक गहराई तक ले जा रहे हैं, स्कूली स्तर तक अपनी पहुंच को दोगुना से भी अधिक बढ़ा रहे हैं और युवा परिवर्तनकर्ताओं के लिए अवसरों के दायरे का विस्तार कर रहे हैं।

## जाधव ने शंघाई विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**शंघाई :** विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया। भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे। भारत को कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में मजबूत टीम माना जाता है लेकिन उसकी सभी टीम शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय महिला



टीम स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। इसके अलावा सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत होगी। जाधव पहले सेट के बाद एक अंक से पीछे चल रहे थे क्योंकि 40 वर्षीय डैम्सबो ने तीन परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की थी। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में परफेक्ट 30 का स्कोर बनाया जबकि डैम्सबो 27 का स्कोर ही बना पाए।

## श्रम सुधार: सरकार ने नियमों को अधिसूचित कर चार नई संहिताओं को पूरी तरह लागू किया

**नयी दिल्ली :** पांच साल से अधिक के लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने नियमों को अधिसूचित कर चार श्रम संहिताओं को पूरी तरह से लागू कर दिया है। इसका उद्देश्य सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। चार श्रम संहिताओं में वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता, 2020 शामिल हैं। ये सभी 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गई थीं। इन संहिताओं को 29 मौजूदा श्रम कानूनों को एकीकृत कर एक सरल और आधुनिक ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अब इन चारों संहिताओं के तहत नियमों को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया है और इसके साथ ही इनके पूर्ण क्रियान्वयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि यद्यपि श्रम संहिताएं 21 नवंबर, 2025 को कानून बन गई थीं, लेकिन नियमों के अभाव में कुछ प्रावधान स्पष्ट नहीं हो पाए थे। मसौदा नियम 30 दिसंबर, 2025 को हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए जारी किए गए थे, जिन्हें विधिक जांच के बाद अंतिम रूप देकर अधिसूचित किया गया। इन नियमों का प्रकाशन संहिताओं को पूरी तरह लागू करने के लिए आवश्यक था। चार संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को समेटने का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही जटिलताओं को दूर करना और प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाना है। इसका उद्देश्य व्यापार करने में सुगमता बढ़ाना, रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देना तथा प्रत्येक श्रमिक के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## हेमंत पांडेय ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी का पदभार संभाला

**नागपुर :** हेमंत शरद पांडेय ने शुक्रवार को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार संभाल लिया। कोल इंडिया लिमिटेड में 1989 में खनन इंजीनियर के रूप में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करने वाले पांडेय के पास डब्ल्यूसीएल और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में 37 वर्षों का अनुभव है। सीएमडी का पदभार संभालने से पहले वह डब्ल्यूसीएल में निदेशक (मानव संसाधन) के पद पर कार्यरत थे। उनके कार्यकाल के दौरान बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए 'स्वस्थ' पोर्टल, डिस्पेंसरी प्रबंधन प्रणाली और विभिन्न मानव संसाधन पोर्टल के आधुनिकीकरण जैसी पहल लागू की गईं।

## अदाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड हिमाचल प्रदेश से चेरी खरीदेगी

**शिमला :** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने शनिवार को घोषणा की कि वह जल्द ही हिमाचल प्रदेश से गुठलीदार फलों, विशेष रूप से चेरी की खरीद शुरू करेगी। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, हम आगामी सत्र से चेरी की खरीद शुरू करेंगे और धीरे-धीरे आड़ू एवं आलूबुखारा जैसे अन्य गुठलीदार फलों तक इसका विस्तार करेंगे। यह हमारे सेब खरीद के अनुभव को आगे बढ़ाने और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से फलों के भंडारण की अवधि बढ़ाने, किसानों को बड़े बाजारों तक पहुंच दिलाने और उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्रवक्ता ने कहा, एएएफएल हिमाचल प्रदेश में सेब की खरीद, भंडारण और विपणन से जुड़ी शुरुआती संगठित कंपनियों में शामिल रही है। कंपनी ने वर्ष 2006 में 'फार्म-पिक' ब्रांड के तहत परिचालन शुरू किया था।

## आरबीआई अधिकारियों ने पदोन्नति नीति में सुधार के लिए गवर्नर से हस्तक्षेप की मांग की

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के संगठन ने गवर्नर संजय मल्होत्रा को पत्र लिखकर पदोन्नति नीति में संशोधन के लिए हस्तक्षेप करने और समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली बहाल करने की मांग की है। आरबीआई के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों और मुंबई स्थित केंद्रीय मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों ने शुक्रवार को नई पदोन्नति नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। नई नीति में पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता से जोड़ा गया है, जबकि पहले समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली लागू थी। 'रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन' (आरबीआईओए) ने आठ मई के पत्र में कहा कि केंद्रीय बैंक ने उनकी गंभीर चिंताओं, आपत्तियों और रचनात्मक सुझावों पर पर्याप्त विचार किए बिना संशोधित पदोन्नति नीति को लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे अधिकारी समुदाय में व्यापक असंतोष, निराशा और मनोबल में गिरावट आई है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3587 अंक 053 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in